तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,मंगलवार 29 जुलाई 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-05 ■ वर्ष -41 ■ अंक-122 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 30 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

संक्षेप

डीएसपी के परिवार का सामाजिक बहिष्कार !

बिलासपुर,29 जुलाई। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ग्रामीणों ने डीएसपी मेखलेंद्र के परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया. दूसरे समाज की युवती से शादी करने पर ग्रामीणों ने यह फैसला लिया. पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. मामला कोटा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, सरगुजा संभाग में डीएसपी मेखलेंद्र प्रताप सिंह पोस्टेड है. कुछ समय पहले उन्होंने दूसरे समाज की युवती के साथ शादी की. इस फैसले से ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी. अब उन्होंने डीएसपी के परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने का फैसला किया. गांव में परिजनों को प्रताड़ित करने का आरोप है. सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहे परिवार पुलिस से मदद की गुहार लगाई. मामले में कोटा थाना में शिकायत की गई, जिसके बाद वीरेंद्र कुमार सिंह, श्रवण सिंह, धर्मेंद्र पाल और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. फिलाहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

क्रिश्चियन अस्पताल पर मरीजों के इलाज में लापरवाही का आरोप

रायपुर,29 जुलाई। धमतरी के बठेना क्रिश्चियन हॉस्पिटल पर स्थानीय लोगों और विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रामचंद्र देवांगन ने संगीन आरोप लगाए हैं. मरीजों के साथ लापरवाही, धोखाधड़ी और कथित धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ताओं ने स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत की है और आठ सूत्री मांगें रखी है. इस मामले में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने जांच के निर्देश दिए हैं. एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए हॉस्पिटल लाया गया. बच्चे का पैर बाहर निकल रहा था, लेकिन हॉस्पिटल वालों ने कह दिया कि बच्चा मर चुका है, रायपुर ले जाओ. 17,000 रुपए वसूलने के बाद रायपुर रेफर का ड्रामा शुरू हुआ, लेकिन परिवार ने समझदारी दिखाई और महिला को पास के ही दूसरे हॉस्पिटल में लेकर गया, जहां महिला ने बच्चे को जन्म दिया वो भी सिर्फ 5 मिनट में स्वस्थ और जिंदा. अगर रायपुर भेजते तो शायद यमराज का बुलावा आ जाता. एक एक्सीडेंट का मरीज लहूलुहान हालत में हॉस्पिटल पहुंचा.

पहलगाम हमले के गुनहगार पाक से निकले : शाह

नई दिल्ली,29 जुलाई। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने संसद में जानकारी दी है कि पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले तीनों आतंकी मार दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तीनों आतंकियों को मार गिराया। अमित शाह ने बताया कि तीनों आतंकी सुलेमान अफगान और जिबरान को कल के अभियान के दौरान मारा गया। अमित शाह ने बताया कि जिन लोगों ने इन आतंकियों को खाना सप्लाई किया था, उन्हें पहले से हिरासत में रखा गया था। इन आतंकियों की बॉडी श्रीनगर लाए जाने के बाद हिरासत में रखे गए लोगों ने यह पुष्टि की है कि यही आतंकी पहलगाम हमले में शामिल थे। अमित शाह ने सदन में चर्चा करते हुए बताया कि सुलेमान उर्फ फैजल और अफगान लश्कर-ए-तैयबा का एक कैटेगरी का कमांडर था। इसके अलावा जिबरान भी एक कैटेगरी का आतंकी था। उन्होंने कहा कि इस तरह बैसरन घाटी में मासूमों को मारने वाले तीनों आतंकियों को खत्म कर दिया गया। इसके बाद गृहमंत्री ने यह भी बताया कि तीनों आतंकियों की पहचान किस तरह से की गई। अमित शाह ने बताया कि एनआईए ने इन आतंकियों को पनाह देने वालों को पहले ही गिरफ्तार कर रखा था। इसके अलावा इन्हें खाना देने वालों को भी हिरासत में रखा गया था। शाह ने बताया कि तीनों आतंकियों की लाश श्रीनगर पहुंचने के बाद इन सभी ने उनकी पहचान की। इसके अलावा हमने आतंकी हमले की एफएसएल रिपोर्ट भी तैयार करा रखी थी। आतंकियों के मारे जाने के बाद उनकी राइफल से निकले खोखे इस एफएसएल रिपोर्ट से मैच करते हैं। उन्होंने कहा कि इस बात की पुष्टि चंडीगढ़ में हुई जांच के बाद हो चुकी है।

आगे कोई हिम्मत नहीं करेगा

आगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से ऐसा सबक सिखाया गया है कि लंबे समय तक कोई ऐसी वारदात को अंजाम देने की हिम्मत नहीं करेगा। शाह ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने सवाल उठाया कि क्या सबूत है कि आतंकवादी पाकिस्तानी थे, मैं चिदंबरम से कहना चाहता हूं कि हमारे पास सबूत है कि तीनों पाकिस्तानी थे? उन्होंने कहा कि चिदंबरम ने अपने बयान से पाकिस्तान को क्लीन चिट दी, पाकिस्तान को बचाने का षड्यंत्र देश देख रहा है। अमित शाह ने आगे कहा कि सिंधु जल संधि कांग्रेस सरकार का 'ब्लंडर' था, मोदी सरकार ने इसे स्थगित किया।

ननों की गिरफ्तारी मामले में केरल के भाजपा महामंत्री ने विजय शर्मा से की मुलाकात

रायपुर,29 जुलाई। छत्तीसगढ़ में ननों की गिरफ्तारी मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है. दिल्ली तक गूंज के बाद केरल के भाजपा महामंत्री अनूप एंटोनी मंगलवार को रायपुर पहुंचे. केरल के भाजपा महामंत्री अनूप एंटोनी ने गृह मंत्री विजय शर्मा के निवास पर उनसे मुलाकात कर बैठक की. अनूप एंटोनी केरल भाजपा के स्टेट जनरल सेक्रेटरी है.

कांवड़ यात्रा में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी हुईं शामिल, 7 किलोमीटर तक चलीं नंगे पैर

जशपुर,29 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने आज एक बार फिर अपनी धार्मिक आस्था का परिचय दिया। वे हजारों श्रद्धालुओं के साथ विशाल कांवड़ यात्रा में शामिल हुईं। यह यात्रा विगत कई वर्षों से आयोजित हो रही है, और हर साल कौशल्या साय इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। आज सुबह तीतरमारा में ईब और मैनी नदी के संगम तट से शुरू हुई यह कांवड़ यात्रा सात किलोमीटर की पदयात्रा के बाद बगिया स्थित फलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। इस दौरान कौशल्या साय ने शिवलिंग पर जल चढ़ाकर प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। इस कांवड़ यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए, और ढोल-नगाड़ों की थाप पर कौशल्या साय

भी जमकर थिरकीं। फलेश्वर महादेव मंदिर बगिया में जलाभिषेक के बाद कौशल्या साय ने कहा कि यह यात्रा उनकी आस्था का अभिन्न हिस्सा है। उनके साथ मौजूद श्रद्धालुओं में भी उत्साह का माहौल देखा गया। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी को अपने बीच पाकर खुशी जताई। यह कांवड़ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकजुटता को भी दर्शाती है।

शराब घोटाला मामला : हाईकोर्ट ने अनवर ढेबर की याचिका की खारिज

बिलासपुर,29 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

हाईकोर्ट ने प्रदेश में हुए आबकारी घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर की याचिका खारिज कर दी है. याचिका में एसीबी और ईओडब्ल्यू की गिरफ्तारी को अवैधानिक बताते हुए एफआईआर रद्द करने समेत अन्य मांग की गई थी. शराब घोटाले में ईडी की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई गई है. जिसमें दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाला होने का दावा किया है. ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था. मामले में अनवर ढेबर को एसीबी ने गिरफ्तार किया था. आरोपी अनवर ढेबर ने अपनी याचिका में एसीबी की एफआईआर और गिरफ्तारी को चुनौती दी थी. याचिका में संविधान के अनुच्छेद 21 और 22 का हवाला देते हुए कहा कि उसे 4 अप्रैल को बिना सूचना हिरासत में लिया गया, परिवार को भी सूचना नहीं दी गई. अगले दिन दोपहर 2 बजे औपचारिक गिरफ्तारी की गई. उसने आरोप लगाया कि गिरफ्तारी का पंचनामा, कारणों की सूचना और केस डायरी की कॉपी नहीं दी गई, यह सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के खिलाफ है. याचिका में 5 और 8 अप्रैल को विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) द्वारा दिए गए पुलिस रिमांड आदेशों को भी रद्द करने की मांग की. मामले की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की तरफ से बताया गया कि सरकारी शराब दुकानों से अवैध शराब डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेची गई थी.

भारत में पैसे देकर धर्म परिवर्तन करा रहा अमेरिकी गिरफ्तार

पुणे,29 जुलाई। पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक अमेरिकी नागरिक और उसके सहयोगी को कथित तौर पर एक स्थानीय निवासी को वित्तीय सहायता का लालच देकर ईसाई धर्म में परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, इस घटना में एक नाबालिग भी शामिल था, जिसे बाद में उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। आरोपियों की पहचान कैलिफोर्निया निवासी शेफर जैवेन जैकब (41) और पिंपरी चिंचवाड़ महानगर पालिका क्षेत्र निवासी स्टीवन विजय कदम (46) के रूप में हुई है। जैकब वर्तमान में पुणे में मुकाई चौक के पास रह रहा था। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता सनी बंसीलाल दानानी ने दावा किया कि जैकब और कदम ने 27 जुलाई को उसके घर आकर उसका धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ''उन्होंने (आरोपियों ने) दावा किया कि ईसाई धर्म अपनाने से दानानी को शांति, समृद्धि मिलेगी और मानसिक रूप से भी स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। उन्होंने कथित तौर पर शिकायतकर्ता से कहा कि ईसा मसीह ही एकमात्र ईश्वर हैं जबकि अन्य देवता और धर्म काल्पनिक हैं।''

ननों की गिरफ्तारी पर मचा बवाल

इंडिया गठबंधन के सांसद पहुंचे छत्तीसगढ़, मुलाकात कर जानेंगे हाल, कल संसद में उठेगा मुद्दा

रायपुर,29 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

मानव तस्करी और धर्मांतरण के आरोप पर दुर्ग जीआरपी द्वारा दो ननों की गिरफ्तारी पर सियासत तेज हो चुकी है. इन ननों से मुलाकात करने पहुंचे कांग्रेस सांसदों ने इसे अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर हमला करार दिया है. ननों से मुलाकात करने पहुंचे सांसदों में बेनी बहनन, फ्रांसिस जॉर्ज , एनके प्रेमचंदन, अनिल ए थॉमस के अलावा छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रभारी कांग्रेस सांसद सप्तगिरी उल्का और जरीता लैतफ्लांग भी शामिल हैं. मुलाकात के बाद रिपोर्ट तैयार कर सांसद कांग्रेस आलाकमान को सौंपेंगे.सांसदों के दल में शामिल केरल के सांसद एनके प्रेमचन्दन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में दो धार्मिक महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है.

दोनों पर मानव तस्करी और धर्मांतरण के बेसलेस आरोप लगाए है. ये माइनॉरिटी पर अटैक है. उन्होंने कहा कि तीनों महिलाओं की उम्र 21, 23 और 25 है, जिन्हें काम करने के लिए ले जा रहे थे. उन्होंने कहा कि बजरंग दल ने मानव तस्करी और धर्मांतरण का आरोप लगा दिया. दरअसल, यह धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर हमला किया जा रहा है. यह अटैक ओडिशा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मणिपुर में हो रहे हैं. बीजेपी रूल्ड स्टेटस में अटैक की खबरें आ रही हैं. सांसद ने कहा कि क्रिश्चियंस पर अटैक हो रहा है, इसलिए हमने ये कमिटी बनाई है. कल लोकसभा में ये विषय उठाया जाएगा. इस मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह से और हो सके तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाक़ात करेंगे.

छोटे मामले में एफआईआर दर्ज करती है पुलिस-उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल और चैरिटी चल रहा है, क्योंकि संवैधानिक अधिकार है. लेकिन बजरंग दल इन्हें चलने नहीं देते. एक महीने पहले दो प्रीस्ट पर अटैक किया गया. आज भी वो अस्पताल में हैं. पुलिस छोटे मामले में एफआईआर दर्ज करती है.

ये गंभीर विषय है. इसलिए पार्लियामेंट में लाने के लिए दिल्ली से फैक्ट फाइंडिंग कमिटी बनाई गई है. ननों से मुलाकात के बाद सांसदों का दल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री के साथ विशेष से भी मुलाकात करेगी. इसके बाद यह विषय कल संसद में भी उठाया जाएगा.

बता दें कि 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मानव तस्करी और धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए दो ननों और एक युवक को रोका था. आरोप था कि तीनों, नारायणपुर जिले की तीन लड़कियों को बहला-फुसलाकर आगरा ले जा रहे हैं. कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर नारेबाजी करते हुए सभी को जीआरपी के हवाले कर दिया था. जीआरपी थाना भिलाई-3 के अंतर्गत दुर्ग जीआरपी चौकी में मामले की जांच के बाद धर्मांतरण की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर तीनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था.

देवघर में 18 कांवड़ियों की मौत

रांची,29 जुलाई। झारखंड के देवघर में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें कम से कम 18 कांवड़ियों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. यह हादसा देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया मोड़ के पास हुआ, जब कांवड़ियों से भरी एक बस गैस सिलेंडर ले जा रहे ट्रक से टकरा गई. दुमका क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया, "देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया जंगल के पास कांवड़ियों से भरी 32 सीटों वाली एक बस और गैस सिलेंडर से लदे एक ट्रक के बीच टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य

घायल हो गए।"अधिकारी ने बताया कि कांवड़ियों को ले जा रही एक बस मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया जंगल के पास तड़के करीब साढ़े चार बजे गैस सिलेंडर ले जा रहे एक वाहन से टकरा गई. दुमका क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा, "देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया जंगल के पास कांवड़ियों से भरी 32 सीट वाली बस और गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक के बीच टक्कर हो गई. हादसे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जताते हुए X पोस्ट में लिखा,आज सुबह देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में बस सवार श्रद्धालुओं की मृत्यु की अत्यंत दुःखद सूचना मिली है. जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य के साथ घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है. बाबा वैद्यनाथ दुर्घटना में मरने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे.

यमन में निमिषा प्रिया की मौत की सजा रद्द

नईदिल्ली,29जुलाई । यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया (38) की फांसी की सजा रद्द होने का दावा किया गया है। यह दावा भारतीय ग्रैंड मुफ्ती अबुबकर मुस्लैयार के कार्यालय ने किया। हालांकि, ये दावा गलत निकला। उन्होंने कहा, निमिषा प्रिया की मौत की सजा, जिसे पहले निर्लंबित किया गया था, को पलट दिया गया है। सना में आयोजित एक उच्च-स्तरीय बैठक में अस्थायी रूप से निर्लंबित मौत की सजा को पूरी तरह रद्द करने का फैसला किया गया।



कोरबा: उर्जाधानी कोरबा से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा चौकी अंतर्गत आने वाले बनवार गांव में एक कुआं धस गया है। इस हादसे में तीन ग्रामीणों के मौत होने की आशंका जाहिर की जा रही है। बताया जा रहा है कि हादसा तब हुआ जब सभी मोटर पम्प निकालने कुँए में उतरे हुए थे। बहरहाल इस घटना के सूचना रेस्क्यू टीम ने मौके पर बचाव और राहत कार्य शुरु कर दिया है। घटना की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुटे हुए है।

सार बातें

कोई गड़बड़ी निकली तो हम हस्तक्षेप करेंगे

बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में 12 अगस्त को होगी सुनवाई

नई दिल्ली,29 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बिहार में निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार करने के लिए समयसीमा तय करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर सुनवाई 12 और 13 अगस्त को होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से आठ अगस्त तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को चेतावनी दी है कि यदि इस प्रक्रिया में कोई भी अनियमितता या गड़बड़ी पाई गई, तो वह हस्तक्षेप करने से नहीं हिचकेगा। इससे पहले निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष ग्रहण पुनरीक्षण यानी एसआईआर के बाद मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित कर दिया गया है और इसकी प्रति सभी राजनीतिक दलों को माहिया कर दी गई है। निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया मसौदा मतदाता सूची को वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने एक बार फिर आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एक अगस्त को प्रकाशित की जाने वाली मसौदा सूची से लोगों को बाहर रखा जा रहा है जिससे वे मतदान का अपना महत्वपूर्ण अधिकार खो देंगे। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसे कानून का पालन करना होगा और अगर कोई गड़बड़ी हो रही है, तो याचिकाकर्ता इसे अदालत के संज्ञान में ला सकते हैं। पीठ ने सिब्बल और भूषण से कहा, ''आप उन 15 लोगों को सामने लाएं जिनके बारे में उनका दावा है कि वे मृत हैं, लेकिन वे जीवित हैं, हम इससे निपटेंगे।'' पीठ ने लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए याचिकाकर्ताओं और निर्वाचन आयोग की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्त किए याचिकाकर्ताओं में प्रमुख रूप से एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स शामिल है। उन्होंने चुनाव आयोग की 24 जून की अधिसूचना को चुनौती दी है जिसमें बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 का उल्लंघन करता है और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 में तय प्रक्रिया से हटकर है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा, "अगर चुनाव आयोग अधिसूचना से जरा भी विचलित होता है... तो हम हस्तक्षेप करेंगे।"

चुनाव आयोग का पक्ष-चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने पक्ष रखते हुए कहा कि आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 21(3) के तहत इसी अधिकार है। आयोग ने यह भी कहा कि- राज्य में शहरी पलायन, जनसांख्यिकीय बदलाव और पिछले 20 वर्षों से गहन पुनरीक्षण न होने की स्थिति को देखते हुए यह प्रक्रिया जरूरी है।

शतरंज की बिसात पर बेटियों का परचम

मुख्यमंत्री साय ने दी ऐतिहासिक उपलब्धि पर शुभकामनाएँ

रायपुर,29 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने FIDE महिला शतरंज विश्व कप–2025 में भारत की बेटियों के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर हर्ष और गर्व व्यक्त करते हुए विजेता दिव्या देशमुख और उपविजेता कोनेरू हम्पी को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं थी, बल्कि यह भारत की बेटियों की शक्ति, संकल्प और सामर्थ्य की एक प्रतीकात्मक तस्वीर थी। जब विश्व कप के फाइनल में दो भारतीय बेटियाँ आमने-सामने हों, तो वह पल भारत के लिए गौरव का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का उत्सव बन जाता है। उन्होंने कहा कि दिव्या देशमुख द्वारा खिताब जीतना और कोनेरू हम्पी द्वारा उपविजेता बनना इस बात का प्रमाण है कि भारत की बेटियाँ अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

एक नजर

शिक्षिका से धोखाधड़ी

भिलाई, 29 जुलाई। भिलाई कास्मेटिक प्रोडक्ट पर 40 प्रतिशत कैशबैक देने के नाम पर शिक्षिका से कुल 98861.84 रू की धोखाधड़ी की गई। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम बोरतलाव जिला राजनांदगांव निवासी भावना झडे वर्तमान में शिक्षा विभाग में वर्ग 03 शिक्षिका के पद पर वर्ष 2022 से शासकीय प्रा.शाला ग्राम चुलगहन में पदस्थ है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 16 जनवरी को गूगल के माध्यम से लेट्स हाइफन कंपनी का कास्मेटिक प्रोडक्ट आर्डर की थी। आर्डर करने के दो दिन बाद 18 जनवरी को लगभग दोपहर 2 बजे मोबाइल नंबर पर काल आया और लेट्स हाईफन कंपनी में कास्मेटिक प्रोडक्ट आर्डर को कंन्फर्म किया गया। वहीं कह गया कि आपका आर्डर डिलीवर किया जाना है आर्डर पर आपको 40 प्रतिशत कैसबैक मिलेगा। उसके लिए कंपनी से और भी प्रोडक्ट आर्डर कर सकते हैं। कंपनी के तरफ से लकी ड्रा में पांच कस्टमर का नाम आया है। इसमें आपका नाम भी शामिल है। आपके आर्डर के साथ आई फोन गिफ्ट में मिलेगा, जिसकी डिलीवरी 21 जनवरी तक होने वाली है तो कम से कम 4000 रुपए तक का अतिरिक्त सामान आर्डर करने के लिए कहा गया उसकी भी डिलिवरी साथ में होगी। ऐसा कहकर झांसे में लेकर मोबाइल के माध्यम से 98861.84 रू की ठगी की गई।

गांजा बेचने वाले महिला एवं पुरुष गिरफ्तार

भिलाई, 29 जुलाई। भिलाई नंदिनी पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर गांजा बेचने वाले महिला एवं पुरुष को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 2.063 किग्रा गांजा बरामद किया है नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि अहिवारा रेलवे कॉलोनी और ग्राम ओखरा नंदनी नगर क्षेत्र में गांजा बेचा जा रहा है तत्काल टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ा पूछताछ में दोनों ने अपना नाम मेरी जॉर्ज (55 साल) निवासी रेल्वे कॉलोनी अहिवारा और पोप चंद मारकण्डे (30 साल) ग्राम अखोरा नंदिनी बताया। आरोपी मेरी जॉर्ज के पास से सफेद रंग की पॉलीथीन में कागज में लिपटे 9 पुड़िया गांजा मिला, जिसका वजनी 1.107 किग्रा था। इसकी मार्केट में कीमत 12 हजार रुपए एवं बिक्री रकम 1,470 रूपए मिली पोप चंद मारकण्डे के पास से एक सफेद थैला में 0.489 किग्रा गांजा मिला। उसकी मार्केट में 6 हजार रुपए आंकी गई। इसके अलावा बिक्री से प्राप्त 1100 रूपए मिले दोनों के खिलाफ धारा 20 (ख), 27 (ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किया गया है।

लूटपाट को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 29 जुलाई। भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के शराब खरीदने गए युवक से लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल व नगदी रकम बरामद कर लिया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि एसीसी लेबर केम्प जामुल निवासी श्रीकांत उर्फ संतू तेलुगु ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 27 जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे अपने परिचित के साथ जामुल शराब भट्ठी पर शराब खरीदने गया था दुकान पर भीड़भाड़ थी उस दौरान जैसे ही उसने शराब खरीदने के पर्स निकाला तो आरोपी अजय यादव ने उसके 4500 रुपए लूट लिए विरोध करने पर उसके दो साथियों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी और उसका मोबाइल भी लूट लिया संदेहियों की तलाश के दौरान सोमवार को घासीदास नगर, जामुल निवासी अजय यादव (30 साल) मनोज कुमार राम (30 साल) और बृजेश कुमार सिंह उर्फ मंटू (42 साल) को पकड़ लिया गया पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया है ।

गुण्डागर्दी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 29 जुलाई। भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के बोगदा पुलिया के पास जामुल में धारदार हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वाले 2 आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से 1 धारदार बटनदार चाकू एवं स्टील का चापडू बरामद किया रही है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा बोगदा पुलिया जामुल के पास धारदार हथियार बटनदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने एवं रात्रि लगभग 10 बजे एक व्यक्ति बोगदा पुलिया के आगे जामुल के पास धारदार हथियार स्टील का चापडू लेकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली सूचना पर जामुल थाने पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम सागर जायसवाल निवासी छावनी एवं आदित्य यादव उर्फ डम्पी निवासी संग्राम चौक छावनी का रहने वाला बताया।

सीएम ने भावना बोहरा की अमरकंटक से भोरमदेव पदयात्रा के लिए किया भावपूर्ण अभिनंदन

कवर्धा, 29 जुलाई। पवित्र सावन मास के अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्राचीन और ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर में विशेष श्रद्धा, आस्था से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भोरमदेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात अमरकंटक से 151 किलोमीटर की पदयात्रा कर जलाभिषेक करने वाली पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का अभिनंदन किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने श्रद्धा, संकल्प और साधना की प्रतीक इस पदयात्रा के लिए विधायक श्रीमती बोहरा को भगवा वस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी आस्था पूर्ण यात्राएं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखती हैं और जनमानस में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करती हैं। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा है। यह भक्ति, दृढ़ निश्चय और जनसेवा का अद्वितीय संगम है। उन्होंने भावना बोहरा को श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक चेतना का प्रतीक बताया, जो नई पीढ़ी के लिए एक आदर्श हैं। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में कांवरिए, श्रद्धालु और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं को सावन की शुभकामनाएं दी और प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए भगवान भोरमदेव से प्रार्थना की।

पीएम आवास के हितग्राही 31 जुलाई की लाटरी में हों शामिल

भिलाई, 29 जुलाई। नगर पालिक निगम अंतर्गत किरायेदारी के रूप में निवासरत वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन द्वारा आवेदन पत्र के आधार पर पात्रता संबंधी सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर भूतल का आवास आबंटन किया जाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास आबंटन हेतु जिन आवेदकों के द्वारा विधिवत आवेदन भरकर पात्रता संबंधी दस्तावेज संलग्न कर प्रधानमंत्री आवास योजना के काउन्टर कक्ष क्रं. 16 में जमा किए है। उन हितग्राहियों को 31 जुलाई को होने वाली लाटरी प्रक्रिया में शामिल कर भूतल के आवासों का आबंटन किया जाना है। आवेदक निगम कार्यालय में उपस्थित होकर 10 प्रतिशत अंशदान की राशि निगम कोष में जमा कर 31 जुलाई को आवास आबंटन प्राप्त करें अन्यथा इस सूचना को अंतिम सूचना मानते हुए आपके आवेदन पत्र को निगम द्वारा निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी हितग्राही के स्वयं की होगी।

कांवड़ यात्रा में सांसद विजय बघेल हुए शामिल

भिलाई, 29 जुलाई । शिवनाथ कांवड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में खारुन नदी से शिवनाथ नदी तक आयोजित दिव्य कांवड़ यात्रा में श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने श्रद्धापूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज की और सभी शिवभक्त कांवड़ यात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी यात्राएं समाज में एकता, भक्ति और भारतीय संस्कृति की गहराई को प्रकट करती हैं। यात्रा के दौरान वातावरण बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रकाश बजाज, भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता भैया सुरेंद्र साहू, कार्यक्रम के संयोजक विपिन चंद्राकर मंडल अध्यक्ष वरुण यादव,राहुल भोसले,आकाश ठाकुर,विकास अग्रवाल, आशीष शुक्ला,अजय साहू, तुलसी ध्रुव,अंजय पाण्डेय, यशवंत, महेंद्र, गगन, हर्षित साहू, कांवरपाल सिंह सहित हजारों की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए और कांवड़ यात्रा को सफल बनाया।

मत्स्य कृषकों का एनएफडीपी पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

मोहला, 29 जुलाई । प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अंतर्गत मछली पालन व्यवसाय से जुड़े किसानों, समितियों एवं समूहों को अब केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पाने के लिए राष्ट्रीय मत्स्य पालन डिजिटल प्लेटफॉर्म (एनएफडीपी) पर पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

सहायक संचालक मत्स्य विभाग ने बताया कि इस पंजीयन की प्रक्रिया कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) यानी च्वाईस सेंटर के माध्यम से की जाएगी। मछली पालन, मत्स्याखेट या मछली बिक्री जैसे कार्यों में संलग्न सभी व्यक्तियों को इस पोर्टल पर व्यक्तिगत रूप से पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना होगा, क्योंकि ओटीपी सत्यापन अनिवार्य है। पंजीयन के बाद किसानों को प्रारंभिक अस्थायी प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

सेक्टर-9 हॉस्पिटल में विश्व हेपेटाइटिस डे पर जन-जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

भिलाई, 29 जुलाई। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के ओपीडी ब्लॉक में 28 जुलाई के विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2025 के अवसर पर विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी एवं डॉ. उदय कुमार की उपस्थिति रही। शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर श्री शंकराचार्य नर्सिंग कॉलेज एवं पी. जी. नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए जागरूकता पोस्टरों की प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने किया। सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और नर्सिंग छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता दूत के रूप में कार्य कर रहे बायोमेडिकल वेस्ट हैंडलर्स को उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। अपने उद्बोधन में कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने चिकित्सालय में उपलब्ध हेपेटाइटिस से संबंधित चिकित्सकीय सेवाओं, टीकाकरण की प्रक्रिया एवं संक्रमण से सुरक्षा उपायों की महत्ता पर प्रकाश डाला। गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. जीवनलाल ने उपस्थित जनसमूह को हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण, बचाव, उपचार तथा टीकाकरण के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. जीवनलाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरुण निकोसे, डॉ. नोहर सिंह ठाकुर, डॉ. आकांक्षा शर्मा, एवं महाप्रबंधक शाहिद अहमद सहित अन्य चिकित्सकगण, नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग छात्र-छात्राएं, सफाईकर्मी, अटेंडेंट, रोगी और उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन सुश्री अर्चना पांडे ने किया व कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार द्वारा किया गया।

आयुक्त ने गौठान एवं निर्माणाधीन नाले का किया निरीक्षण

भिलाई, 29 जुलाई। नेहरू नगर अंतर्गत कोसा नाला स्थित गौठान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया। सड़कों पर बैठकर आवागमन को बाधित करने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर गौठान में रखा गया है, जहां उनके खान-पान, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया। आयुक्त ने इच्छुक गौ सेवकों से संपर्क कर गौठान परिसर में रेलिंग लगाकर वृक्षारोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया। उन्होंने सुपेला मुख्य मार्ग से लगे हुए निर्माणाधीन नाले का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य अविलंब एवं गुणवत्ता युक्त कराने कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर निर्देशित किया। नेहरू नगर स्थित बाल उद्यान में अटल परिसर का निर्माण किया जाना है, जिस हेतु मूर्तिकार वीवीएन विन्सेंट नेल्शन से मिलकर नमूना प्रतिमा का अवलोकन कर अविलम्ब निर्माण हेतु चर्चा किए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना सहित एजेंसी संजय उपाध्याय उपस्थित रहे।

रजिस्ट्रेशन में अड़चन,धान बेचने में आ रही परेशानी, किसानों ने लगाई गुहार

दुर्ग, 29 जुलाई। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 107 आवेदन प्राप्त हुए।

भिलाई पार्षद वार्ड-03 निवासी ने पुराने विद्युत पोल को बदलने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि भिलाई माडल टाऊन वार्ड-03 की श्रमिक बाहुल्य बस्तियाँ में 30 साल पुराने, जर्जर व झुके हुए बिजली के खंभों में दरारें, तारों का जाल और झुकाव बच्चों व राहगीरों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास और सड़क निर्माण के बाद खंभों की ऊँचाई कम हो गई है, जिससे तार और ज्यादा नीचे लटकने लगे हैं।स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में विद्युत विभाग को भी आवेदन दिया गया है। उन्होंने पुराने खंभों को हटाकर ऊँचे लोहे के खंभे लगाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड क्रमांक 54, पोटियाकला के किसानों ने एग्रीस्टेक कृषक रजिस्ट्रेशन में तकनीकी समस्या के चलते किसान पंजीयन नही होने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्रेशन के दौरान खसरा नंबर नहीं दिखने की समस्या के कारण पंजीयन अधूरा रह जाता है। इस वजह से किसान सोसायटी में धान पंजीयन और बिक्री नहीं कर पा रहे हैं।

सब्जी उत्पादन से बदली किस्मत, लखपति बनीं आमटी गांव की केतकी दीदी

दुर्ग, 29 जुलाई । छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी श्रीमती केतकी बाई पटेल आज ÷लखपति दीदी÷ के नाम से जानी जाती हैं। जनपद पंचायत दुर्ग के आमटी ग्राम की निवासी और प्रगति महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष केतकी दीदी ने सब्जी उत्पादन और विक्रय से अपनी मेहनत और निश्चय के बल पर आर्थिक समृद्धि हासिल की है। शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा, फिर समूह से उनको सहारा मिला। समूह से जुड़ने से पहले दीदी के पास संसाधनों की कमी थी। सब्जी उत्पादन की इच्छा होते हुए भी आर्थिक तंगी के कारण वे इसे बड़े स्तर पर नहीं कर पा रही थीं। जब उन्हें बिहान योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने स्वयं पहल कर महिला साथियों के साथ स्व-सहायता समूह का गठन किया। छोटी-छोटी बचत करके अपने समूह को सशक्त बनाई। उसके उपरांत उन्होंने बैंक लिंकेज के माध्यम से 30 हजार का लोन लिया और सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया। बिहान योजना से सामुदायिक निवेश कोष से 20 हजार का लोन प्राप्त कर अपना व्यवसाय को आगे बढ़ाया।

केतकी दीदी ने एक एकड़ निजी भूमि में सब्जी उत्पादन शुरू किया और धीरे-धीरे आधुनिक तकनीक अपनाते हुए, जैसे कि मचान विधि, उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बढ़ाई। आज उनके खेत में भिंडी, बरबटी, करेला, मक्का, बैगन, भाजी जैसी कई मौसमी सब्जियां उगाई जाती हैं। वे सप्ताह में चार दिन बाजार में विक्रय कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही है।

मृतक के परिजन को मिली 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

दुर्ग, 29 जुलाई। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करेला डीही तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्री खेमलाल कश्यप की विगत 05 सितंबर 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. खेमलाल कश्यप की पत्नि श्रीमती विजयलक्ष्मी कश्यप को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

नागपंचमी पर्व पर पूजे गए भगवान नागेश्वर

भिलाई, 29 अप्रैल । झूलेलाल धाम माता मंदिर वैशाली नगर में नाग पंचमी पर्व पर संगीतमय निशुल्क पार्थिव रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया । जिसमें भागवताचार्य कथावाचक पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री एवं ज्योतिषी पंडित रितेश शर्मा रुद्राभिषेक के लिए अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में जो व्यक्ति नाग पंचमी के दिन पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक पूजन करता है उसके कालसर्प दोष शापित दोष कुंडली में जितने भी दोष हैं जीवन में जो भी समस्या है उनका निवारण हो जाता है वह व्यक्ति अनंत काल तक शिवलोक में वास करता है। भगवान शिव को नागों का अधिपति माना गया है, उनके गले में सर्पों की माला होती है, और वे स्वयं नागेश्वर कहलाते हैं।

जुलाई तक मिलेगी संपत्तिकर में 5 प्रतिशत छूट

भिलाई, 29 जुलाई। नगर निगम भिलाई में निवासरत समस्त नगरिकों के लिए सुनहरा अवसर है । संपत्ति कर जमा करने वालों के लिए वर्तमान में निगम भिलाई द्वारा 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। 5 प्रतिशत छूट की अंतिम तिथि 31 जुलाई को है। अतः जिनका भी संपत्ति कर बकाया है वे अपनी संपत्ति कर जल्द से जल्द जमा कर सकते हैं और चल रहे ऑफर का लाभ ले सकते हैं । यदि स्वविवरणी अनुसार अपने मकान/ दुकान का क्षेत्रफल का गलत जानकारी दिए हैं तो नगर निगम आकर, टीम के जांच के पूर्व अपना स्वविवरणी सुधार कर लें। अन्यथा जांच में गलत जानकारी पाए जाने पर अंतर की राशि का 5 गुना राशि भुगतान करने का प्रावधान है।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के लिए जिले में तैयारी जोरों पर

दुर्ग, 29 जुलाई । स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का आयोजन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। सर्वेक्षण कार्य के लिए केंद्र सरकार ने एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, एएमएस लखनऊ को स्वतंत्र एजेंसी के रूप में चयनित किया है, जो अगस्त माह से दुर्ग जिले में फील्ड सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ करेगी।इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और साफ-सफाई का मूल्यांकन कर रैंकिंग तय की जाएगी, जो न केवल जिले की बल्कि राज्य और देश की रैंकिंग को भी प्रभावित करेगी।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत गुड पैरेन्टिंग पर संवाद कार्यक्रम

दुर्ग, 29 जुलाई । जिला महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत प्रेरणा सभाकक्ष मबावि परिसर जिला दुर्ग में गुड पैरेन्टिंग पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में पैरेन्टिंग एक्सपर्ट श्री हरिश साहू, श्रीमती एनवीएस नलिनी, श्री कृष्ण कुमार साहू, एवं श्रीमती गौरीकाता साहू द्वारा चेतना विकास पर मूल्य शिक्षा व पालकों द्वारा बच्चों की सही परवरिश की जानकारी दी गई एवं उनकों मोबाइल से दूर रहने तथा अपने माता-पिता के प्रति कृतज्ञ बनने संबंधी चर्चा की गई। समाज में हमारा एक-दूसरे के प्रति संबोधन कैसा हो जैसे- माता-पिता, भाई, अध्यापिका, जैसे मधुर संबोधन की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में बताया गया कि ममता मूल्य वात्सल्य मूल्य के महत्व को बताते हुए माता-पिता का अपनी संतान के माथे पर वात्सल्य से अभिभूत होकर हाथ फेरना संतान में सकारात्मक उर्जा को उत्पन्न करता है। बच्चों में शेयरिंग की भावना विकसित करने की शुरुआत छोटी-छोटी वस्तुओं पेन पेंसिल टिफिन शेयरिंग से हो सकती है। मनुष्य का स्वयं पर नियंत्रण प्रथमतः शरीर फिर भाषा, भाव, इच्छा पर आवश्यक है। पर-गुण गणना से स्व-दुर्गुणों का नाश होता है। जहाँ संबंध की पहचान होती है वहीं संबंधों का पोषण होता है, मेरी उपयोगिता ही मेरा सम्मान है व समाज में सार्थक पहचान की व्यवस्था में भागीदारी एक शिशु के जीवन में चार मुख्य तत्व होते हैं- अभिभावक, शिक्षक, समाज एवं शिक्षा तंत्र इनसे जुड़कर ही शिशु परिपूर्णता की ओर अग्रसर होता है। परिवार सभा का आयोजन एवं उसकी उपयोगिता व परिवार के सभी सदस्य द्वारा पूरे दिन में किये हुए अपने अच्छे काम, अच्छी सोच अच्छी बात की जानकारी दिए जाने एवं डीप स्लीप की थ्योरी जिसमें रात्रि 8 से 12 बजे की निद्रा, 01 घण्टे की निदा 2 घण्टे को प्रावर होती है की जानकारी दी गई। श्री कृष्ण कुमार साहू द्वारा गीत के माध्यम से जीवन जीने की कला, अपनी उपयोगिता को विकसित करने एवं जीवन को संघर्ष नहीं अपितु उत्सव समझने की प्रेरणा दी गई। श्री अजय साहू द्वारा बच्चों की मोबाईल की लत से दूर रहने का समाधान बताया गया। इस कार्यशाला में जिला महिला सशक्तिकरण बाल गृह एवं सम्प्रेक्षण गृह की अधीक्षिका, पर्यवेक्षकगण, सखी वन स्टॉप सेंटर स्टॉफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पालकगण एवं किशोरी बालिका उपस्थित रहे।

मानव आश्रम में मनाया गया सावन तीज उत्सव

भिलाई, 29 अप्रैल । कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम सेक्टर 1 में महिलाओं द्वारा पारंपरिक विशेष सावन तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें परिधानों को भी अपना विशेष महत्त्व देते हुए सनातनी वेशभूषा लंहगा, चुनरी, हरे कांच की चूड़ियां जो कि सावन पर्व की हरियाली का प्रतीक है को धारण किया। शुभारंभ भगवान गणेश जी ,मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर किया गया। स्वागत श्रीमती ममता अवस्थी, श्रीमती वंदना पाण्डेय, श्रीमती ज्योति तिवारी ने किया । अध्यक्षता श्रीमती सुशीला दीक्षित ने करते हुए अपनी आसंदी से इस पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बहुमुखी प्रतिभाओं से सुसज्जित नारीशक्ति की प्रतीक मुख्य अतिथि श्रीमती शुभ्रा शुक्ला मिश्र हयूमेंस केयर डेवलपमेंट हाउसिंग के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एवं पूर्व उद्घोषक ,नीति आयोग भारत सरकार के अंतर्गत संबद्ध योजना प्रतिभा सम्मान योजना की मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ व प्रभारी मध्यप्रदेश ने अपनी आसंदी पर समस्त नारी शक्तियों से आव्हान किया कि वर्तमान समय में विशेषकर माता-पिता का वर्तमान पीढ़ी के साथ ही साथ भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने में भी अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करना होगा । कार्यक्रम की निर्णायक श्रीमती शिखा मिश्रा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने कहा कि ऐसी हर प्रतियोगिताओं में प्रत्येक बार हम सभी को बहुत कुछ नया सीखने को और सांसारिक जीवन के संघर्षमय काल में सफलताएं प्राप्त करने की राह मिलती है। समाज के अध्यक्ष उमाकांत दीक्षित ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नारी शक्ति ही समाज को शक्तिशाली, उन्नत, बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न समाज का निर्माण कर सकती है।समाज के महासचिव रविन्द्र मिश्रा ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि महिलाएं हर क्षेत्र में निरंतर अग्रसर हैं । सावन के गीतों में प्रथम श्रीमती मुक्ता मिश्रा, द्वितीय श्रीमती समता शुक्ला, श्रीमती अनुपमा मिश्रा नृत्य में प्रथम श्रीमती नम्रता दीक्षित, द्वितीय श्रीमती पूजा मिश्रा, तृतीय श्रीमती रोली शुक्ला, श्रीमती दिव्या शुक्ला, श्रीमती अल्पना त्रिपाठी, श्रीमती श्रुति तिवारी, श्रीमती विभा मिश्रा सावन के गीत में प्रथम श्रीमती मुक्ता मिश्रा, द्वितीय श्रीमती समता शुक्ला, श्रीमती अनुपमा मिश्रा,श्रीमती प्रिया तिवारी, श्रीमती सुशीला तिवारी, श्रीमती सुषमा तिवारी, बम ब्लास्ट में प्रथम डाक्टर आयुषी शुक्ला, श्रीमती शांता पांडे, द्वितीय श्रीमती वंदना शुक्ला, श्रीमती नीलिमा शुक्ला, तृतीय श्रीमती गीता शुक्ला, श्रीमती स्नेहा अप्रत्याशित प्रतियोगिता जो कि अपने आप में विभिन्न नवीनता के साथ बिना किसी को बताये की गई। इसमें सावन सुंदरी बनी श्रीमती कल्पना शुक्ला खूबसूरत आंखें श्रीमती मीतू तिवारी, सादगी किया गया। सामूहिक नृत्य कल्पना शुक्ला की महिला समूह ने प्रस्तुत किया। इन सभी प्रतिभागियों को सम्मान पूर्वक श्रीमती सुशीला दीक्षित, श्रीमती शुभ्रा शुक्ला मिश्रा, श्रीमती शिखा मिश्रा, श्रीमती सरोज मिश्रा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

निधन

मीना देवी यादव

भिलाई, 29 जुलाई। शास्त्री नगर कैंप 01 निवासी यदुवंशी कल्याण संघ के सदस्य हीरालाल यादव शिक्षक की पत्नी मीना देवी यादव का 28 जुलाई को एम्स में निधन हो गया है। वे शासकीय विद्यालय में शिक्षिका तीन और लंबे समय से कैंसर के रोग से पीड़ित थीं। उनका इलाज रायपुर एम्स में चल रहा था। इनकी अंतिम यात्रा 29 जुलाई को समय दोपहर 1 बजे राम नगर मुक्ति धाम के लिए निकली।

एक नजर

चौरेंगा में वेरिएंट सोलर पार्क में चोरी, 3 गिरफ्तार

सिमगा, 29 जुलाई। सिमगा थाना में ए एस पी हेम सागर सिदार व थाना प्रभरी परिवेश तिवारी ने पत्रकारों की पत्रवार्ता बुलाई व जानकारी साझा की कि ग्राम चौरेंगा में वेरिएंट सोलर पार्क आरोपियों द्वारा सोलर पार्क में सप्लाई हेतु बिछाए गए डीसी केबल वायर कोर अल्युमिनियम केबल वायर सोलर पैनल एवं लोहे का एंगल को पार्क के फिनिशिंग कर को काटकर रास्ता बनाकर चोरी कर ले गए इस घटना को अंजाम दे रहे अपराधियों में कुल संख्या 8 है जिनमें से तीन अपराधी नाबालिक है सिमगा थाना में रिपोर्ट दर्ज करने पर जिला अधीक्षक बलौदा बाजार भावना गुप्ता के निर्देशन में सिमगा थाना के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौरंगा स्थित संयंत्र में चोरी होने रिपोर्ट होने के बाद जिला अधीक्षक बलौदा बाजार भावना गुप्ता जी के निर्देशन में सिमगा से टीम बनाकर जांच पड़ताल शुरू की गई टीम को जानकारी प्राप्त हुई की वेरिएंट सोलर पार्क ग्राम चौरंगा में चोरी के आरोपी ग्राम हतबंद के आसपास है थाना की टीम को जानकारी प्राप्त होते हैं टीम ने तप्तीस तेज कर दी व करीब रात भर दौड़ भाग करने के बाद उन 8 आरोपियों को पकड़ा गया इनमें से तीन आरोपी नाबालिक है आरोपियों द्वारा चोरी की गई वस्तुओं का आकलन लगभग 6 लाख रुपए का लगाया जा रहा है।

आज से शहर में दोनों समय जल आपूर्ति

राजनांदगांव 29 जुलाई। मोहारा शिवनाथ नदी में पर्याप्त पानी होने के कारण आज से शहर में दोनो समय पेयजल आपूर्ति की जावेगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में प्रारंभ से ही नदी का जल स्तर अत्यंत कम होने के कारण जल संग्रहण में कमी आई, जिससे शहर के उच्च स्तरीय जलागारों (पानी टंकियों) को भरने में काफी समय लग रहा था, जिसके कारण शहर में दोनो समय जल आपूर्ति (पानी सप्लाई) करने मे कठिनाई आ आई और दो दिन में तीन समय शहर में पेयजल सप्लाई की जा रही थी। वर्तमान में वर्षा ऋतु में मोहारा नदी में पर्याप्त पानी होने पर दोनो समय पेयजल आपूर्ति की जावेगी। पेयजल सप्लाई के संबंध में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि मोहारा शिवनाथ नदी एनीकट निर्माण के बाद नदी के सील्ट की सफाई नही होने के कारण एनीकट के 40 प्रतिशत हिस्से में सील्ट जमा हो गया, जिससे जल भण्डारण क्षमता में कमी आई थी, सील्ट निकाल कर ग्रीष्म ऋतु में जलाशयो से पानी लेकर पानी की उपलब्धता के आधार पर दो दिन में तीन समय पेयजल आपूर्ति की गयी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वर्षा ऋतु में अब तक अच्छी बारिश होने पर मोहारा शिवनाथ नदी में पानी की पर्याप्त संग्रहण को देखते हुए आज से नगर वासियो को दो समय सुबह एवं शाम निर्धारित समय में पेयजल आपूर्ति की जावेगी। उन्होंने नागरिको से अपील की है कि जिस प्रकार ग्रीष्म ऋतु में आप सबका सहयोग मिला उसी प्रकार हर समय सहयोग करे, पानी का अपव्यय न करे।

पूर्व सैनिकों ने मनाया कारगिल विजय दिवस

राजनांदगांव 29 जुलाई। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद राजनांदगांव द्वारा नया बस स्टैंड के पास गौरव स्थल और अभिलाषा केंद्र में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। नया बस स्टैंड के पास गौरव स्थल में पहुंचकर मां भारती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ माल्यार्पण पुष्पांजलि दी गई। इसके बाद अभिलाषा केंद्र में दिव्यांग बच्चों के बीच शामिल होकर विजय दिवस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। जिसमें भारतीय सेना के पराक्रम के साथ-साथ देश भक्तिगीत एवं कवितापाठ किया। सभी पूर्व सैनिक एवं सैन्य मातृशक्तियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। बच्चों के लिए उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री अशोक झा, संरक्षक श्री जीएस भाटिया, श्री बसंत रावटे, श्री गुमान साहू , श्री उमेश गंगबेर, श्री पियूष साव, श्री संतोष सिंह, श्री अमर साव, श्री संजय पवार, श्री अंगेश्वर सिन्हा, श्री भूषण सिन्हा, श्री तिरूपति राव, श्री जी राजू, श्री कमलेश विजयवार, श्री युगल किशोर, श्री कन्हैया साहू, श्री झनक लाल, श्री कलीराम, श्री सीएल साहू, श्री ईश्वर जागृत, श्री विशाल साहू, श्री एके पाण्डेय, उमा सिन्हा, कृष्ण कुमार शामिल हुए। सैन्य मातृशक्ति में जिला अध्यक्ष श्रीमती वर्षा रावटे, संगीता साहू, ठगिया साहू, भुनेश्वरी साव, मिनेश साहू, शिवानी साव,सुनीता राव, चंदा रानी, सुभद्रा, पी ज्योति, दूरपति साहू एवं शीतल सिन्हा उपस्थित थे।

हुडदंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

राजनांदगांव, 27 जुलाई। प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 27.07.2025 को यह अपने आटो में सवारी भर रहा था। उसी समय कलकत्ता बिरयानी सेंटर के सामने और सवारी का इंतजार कर रहा था। उसी समय लोधी बस के कन्डक्टर पवन आया और इसे बस की सवारी को आटो में बैठा रहा है कहकर इसे अश्लील गाली गुप्ता कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं हाथ में रखे धारदार नुकिला चीज से इसके बाये गाल में मारकर चोट पहुँचाया है रिपोर्ट पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपी पवन कुमार भट्ट पिता घनश्याम भट्ट उम्र 26 साल निवासी बडे कुसमी थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव का गिरफ्तार कर जामनत मुचलका पर रिहा किया गया। जमानत पर छूटने के पश्चात पवन भट्ट पुनः वाद विवाद कर लडाई झगडा पर उतारू हो गया। पुलिस पार्टी को सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचकर समझाईश दिया गया जो नही मानने पर अनावेदकगणो को मौके पर गिरफ्तार किया गया।

सोसायटी में खाद आपूर्ति नहीं, किसानों ने किया प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दिया आवेदन

छुरिया, 29 जुलाई। छुरिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम खोभा में एकत्रित हुए थे किसान छत्तीसगढ़ राज्य में अभी यूरिया खाद की कमी के चलते खाद की जमकर कालाबाजारी होने की शिकायतें रोज देखने सुनने मिल रही है। जहां एक ओर र खाद की कमी है तो फिर अवैध खाद की बिक्री और छापेमारी की कार्यवाही क्यों करवा रही है सरकार किसानों के समझ से परे है। समय पर यूरिया खाद न मिल पाने से खेती में होने वाले नुकसान को देखते हुये सरकार की असफलता के खिलाफ आज किसानों के सब्र का बांध टूट गया और सुबह 7 बजे से ही खोभा और आसपास के ग्राम के हजारों किसान एक साथ खोभा सोसायटी पहुंच कर खाद के लिये लाईन में खड़े हो गये और खाद की मांग करने लगे हैं।

सोसायटी प्रबंधक खोभा घनश्याम साहू - ग्राम खोभा के सोसायटी प्रबंधक का कहना है कि हमारे द्वारा किसानों को आज खाद वितरण होगी ऐसी किसी भी प्रकार की कोई सूचना नहीं दी है ग्राम के किसान स्वतः ही अपना किसान कार्ड लेकर सोसायटी में पहुंच गये है। हमारे सोसायटी में शुक्रवार को खाद की 400 बोरी यूरिया आई है लेकिन ऊपर से कोई आदेश नहीं मिला है इसलिये हम आज किसी भी किसान को खाद नहीं दे रहे हैं।

क्या कहते हैं सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गन्नालाल यादव- सेवा सहकारी समिति खोभा के अध्यक्ष ने अपने बयान में कहा कि यूरिया एवं अन्य आवश्यक खाद की कमी कृषि कार्य प्रारंभ होने के समय से ही कमी है हमने अपने उच्च अधिकारियों को इससे अवगत कराया है इसी तारतम्य में हमनें जिला सहकारी बैक के अध्यक्ष सचिन बघेल से भी बात की उन्होंने आश्वासन दिया है कि एक दो दिन में दो ट्रक यूरिया खाद खोभा पहुंच जायेगी। उसके बाद ही हम सभी किसानों को खाद वितरण कर पायेंगे क्योंकि 400 बोरी खाद बहुत ही कम है हम इसलिये किसी भी किसान को खाद वितरण नहीं कर पा रहे हैं। जब पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद का स्टाक हमारे पास होगा तो हम निश्चित ही किसानों को खाद वितरण करेंगे। जय जवान जय किसान नारे के साथ सब किसानों की मांग को रखते हुये मदन नेताम ने कहा कि मई जून में किसानों के पास खाद पहुंच जाना चाहिये लेकिन सरकार खाद आपूर्ति नहीं कर पाई है इसीलिये चिचोला नेशनल हाइवे में धरना के लिये जा रहे किसानों को अधिकारियों ने कहा कि धरना प्रदर्शन मत करो आप सब को कुछ दिन में खाद मिल जायेगी लेकिन आज पर्यन्त खाद नहीं मिलने से किसान दुखी मन से खोभा सोसायटी में पहुंच कर अपनी पीड़ा से उच्च अधिकारियों को अवगत कराना चाह रहे हैं। मदन नेताम आगे कहा कि जब सरकार को मालूम है कि खाद की कमी है तो फिर दुकानों और बड़े बड़े व्यापारियों के पास से खाद कैसे बिक्री हो रही है इसी बात का दुख हम सब किसानों को है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने की गुणवत्ता जांच

अनहाईजिनिक फूड हैंडलिंग पर 4 संस्थानों को नोटिस

बलौदाबाजार, 29 जुलाई। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर त्यौहारी सीजन में मिठाईयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को स भाटापारा के कई दुकानों में खाद्य पदार्थों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा भाटापारा के कुल 10 होटल, रेस्टोरेंट एवं मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। 4 संस्थानों में साफ -सफाई की कमी एवं हाइजिनिक तौर पर फूड हैंडलिंग नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी करते हुए 5 दिवस के भीतर सुधार के निर्देश दिए। इसके साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 51 प्रकार के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयों की जांच की गई जिसमें से 49 मानक एवं 2अवमानक रिपोर्ट प्राप्त हुए। अवमानक बालूशाही एवं गुलगुला भजिया को मौके पर नष्ट कराया गया।

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पहुँचे बाबा धाम

मोहला, 29 जुलाई। छतीसगढ़ राज्य के भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डब्बू चांडक एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक शर्मा ,सतीश राठी,गौरव अग्रवाल,बाबू सोनी ,शालू सोनी,सौरभ सोनी,शशांक क्षत्रिय,पवन शर्मा,विजय राठी ,गौरव शर्मा आदि छतीसगढ़ राज्य से प्रदेश कार्यकारिणी एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता ,तिल्दा नेवरा सहित 80 भक्त सुल्तान गंज से गंगा जल लेकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुँचे यहाँ उन्होंने शिवलिंग पर जल अर्पित कर विधि-विधान से बाबा की आराधना की और छतीसगढ़ राज्य के समस्त प्रदेश वासियों के कल्याण के लिए प्राथना की प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य डब्बू चांडक ने सोशल मिडिया पर बाबा बैद्यनाथ धाम पूजा-अर्चना की कुछ तस्वीरे साझा की.उन्होंने इन तस्वीरो के साथ लिखा, देवघर में आज बाबा बैद्यनाथ जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

कलेक्टर ने बच्चों को पढ़ाया अंग्रेजी और गणित

सारंगढ़ बिलाईगढ़, 29 जुलाई। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सोमवार को दोपहर में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पचपेड़ी, सुलोनी और उलखर स्थित स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। पचपेड़ी के प्राथमिक शाला भवन और संकुल केन्द्र भवन का कलेक्टर ने निरीक्षण किया और बरसात में भवन की स्थिति का जायजा लेते हुए बच्चों की पढ़ाई का अवलोकन किया। इसी प्रकार हाईस्कूल सुलोनी में कलेक्टर ने कक्षाओं के संचालन का अवलोकन किया। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने कक्षा नवमीं में स्कूली बच्चों को काल (टेन्स) पढ़ाया। उन्होंने प्रेजेन्ट सिम्पल टेन्स में बच्चों को ''मैं स्कूल जाता हूं'' को विस्तार से समझाया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में बच्चों को गणित के सवाल कैसे हल किया जाता है, को ब्लैक बोर्ड में पढ़ाया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उलखर में सभी शिक्षकों से परिचय प्राप्त करने के बाद कलेक्टर ने पढ़ाई के बारे में छात्र-छात्राओं से जानकारी लिए। कलेक्टर ने प्राचार्य और शिक्षकों को कहा कि स्कूली बच्चों को सामान्य कोर्स की शिक्षा के अलावा नैतिक शिक्षा भी दें ताकि उन्हें जीवन में आवश्यक ज्ञान स्कूल से प्राप्त हो। जैसे- सड़क सुरक्षा सप्ताह, स्वच्छता, पर्यावरण, लैंगिक उत्पीड़न। इस दौरान कलेक्टर डॉ. कन्नौजे द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्र सुमीत से सड़क सुरक्षा, बारहवीं की बायो की छात्रा से लीवर क्या काम करता है और कक्षा दसवीं की छात्रा से स्वच्छता के संबंध में जानकारी पूछने पर, सभी के समक्ष स्कूली बच्चों ने बखूबी जवाब दिए। कलेक्टर ने सभी बच्चों को इस वर्ष अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण करने के लिए अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहा, वहीं शिक्षकों और प्राचार्य को कहा कि इस स्कूल में सभी विषय के शिक्षक हैं। कोई कमी नहीं है। इसलिए स्कूल का प्रतिशत अच्छा आना चाहिए।

संगठन की मजबूती हमारा मूल उद्देश्य : अनिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 29 जुलाई। संगठन को मजबूत करना और संगठन के प्रति समर्पित रहना हमारा मूल उद्देश्य को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ''2025 सृजन संगठन के तहत संगठन की मजबूती के लिए मंडल और सेक्टर समितियों का पुनर्गठन के संबंध में आवश्यक बैठक सोमवार 28 जुलाई को शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा बैठक आयोजित की। बैठक को जिला प्रभारी अनीला भेड़िया की अध्यक्षता की आयोजित की गई। बैठक की जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उदयपुर में आयोजित संकल्प शिविर में पारित अध्यायदेश के तहत संगठन को जमीन स्तर पर मजबूती प्रदान करने ''वर्ष 2025 सृजन संगठन'' को मूल उद्देश्य बनाते हुए मंडल और सेक्टर समितियों का पुनर्गठन करना है। जिसके तहत 28 जुलाई सोमवार को सतनाम भवन में बैठक आयोजित कर कांग्रेसजनों में नई उर्जा का संचार करने व बूथों को मजबूती प्रदान करने पूर्व मंत्री व जिला प्रभारी अनीला भेड़िया उपस्थित रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा राजनांदगांव जिले में 08 मंडल प्रभारी की नियुक्त की है। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, विधायकगण दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक प्रत्याशी गिरीश देवांगन, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, श्रीकिशन खंडेलवाल, पीसीसी महासचिव शाहिद खान ने कई अहम सुझाव बैठक में रखे।

इससे पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि विगत दिवस उदयपुर में आयोजित संकल्प शिविर में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मंडल व सेक्टर समितियों का पुर्नगठन करना है।

मराठा महिला मंडल ने किया सावन महोत्सव का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 29 जुलाई। महाकोशल सिंगा मराठा महिला मंडल द्वारा वार्ड क्रमांक 7 में समाज की सदस्य श्रीमती वंदना इंगोले के निवास में सावन महोत्सव का आयोजन रखा गया।

जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे खेलकूद कुर्सी दौड़ अंताक्षरी आदि कार्यक्रम शामिल किया गया था , तत्पश्चात सावन झूले का आनंद लिया गया, महिला सदस्य राखी भोंसले द्वारा पवित्र सावन माह के संबंध में रोचक जानकारियां दी गई, कार्यक्रम के समाप्ति पर स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी उक्त कार्यक्रम में श्रीमती शारदा भोंसले रंजना भोंसले वंदना इंगोले सुवर्णा भोंसले अर्चना भोंसले मुक्ता मूले राखी भोंसले मंजू पांडे सुनीता यादव श्रेया शर्मा सुनीता ठाकुर नसरीन बानो प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के संबंध में सीएमएचओ ने दी जानकारी

सारंगढ़ बिलाईगढ़, 29 जुलाई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के रूप में मनाया जाता है। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला के देखरेख में जिले में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के रूप में मनाने का योजना बनाया गया है। इसके प्रथम कड़ी में जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी अधिकारी विशेष कर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, जो अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जन जागरूकता अभियान चला कर आम जनता को जागरूक करेंगे। इस दिवस को सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम होंगे।

हेपेटाइटिस (पीलिया) एक ऐसी बीमारी है जिसमे लीवर याने यकृत में सूजन होती है। वायरल संक्रमण, अत्यधिक शराब के सेवन, ऑटोइम्यून बीमारी, अत्यधिक दिनों तक दवाइयों के सेवन से लीवर में सूजन होता है। आम तौर पर पीलिया 2 प्रकार के होते हैं। दूषित जल के सेवन करने से या दूषित भोज्य पदार्थ के सेवन से। ये आमतौर पर 1 या 2 हफ्ते में ठीक भी हो जाता है। संक्रमित खून से या रक्त के कारण होता है। ये मुख्यतः वायरस के कारण होता है। वायरस अनेक प्रकार के है जैसे हेपेटाइटिस वायरस ॰,क्ष्ट,ष्ठ, श्व। सभी के संचरण के तरीके अलग अलग और जोखिम भी अलग अलग हो सकती है इस वर्ष के थीम है।

28 जुलाई को हेपेटाइटिस बी के वायरस के टीके की खोज डॉ बारुक ब्लूमबर्ग द्वारा की गई थी इस कारण इसी दिन को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के रूप में मनाते है। एक जीवन एक यकृत, यदि हम जीवन चाहते ,अच्छे जीवन चाहते हैं, स्वस्थ जीवन जीना चाहते है तब हमे अपने यकृत (लीवर) को भी स्वस्थ रखना होगा यदि हमें अच्छा जीवन और अच्छा यकृत चाहिए तो हमे शराब के सेवन से बचना होगा।हमारी खान पान ऐसी हो कि लीवर पर बोझ न पड़े ,हमारी दिनचर्या लाइफस्टाइल स्वस्थ रहे एक्टिव रहे ,स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। मोटापा से बच के रहें। अत्यधिक दवाइयों के सेवन से बचें।

दृढ़ संकल्पित होकर करें पढ़ाई : टंकराम

राजस्व मंत्री मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के दीक्षारम्भ समारोह में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 29 जुलाई। राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा सोमवार को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में नवप्रवेशी छात्राओं के दीक्षारम्भ समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय को 3.25 करोड़ रूपए से अधिक की सौगात दी जिसमें 52.70 लाख रूपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण एवं 272.81 लाख रूपए की लागत से बनने वाले छात्रावास भवन का शिलान्यास एवं भूमिपूजन शामिल है। इसके साथ ही छात्राओं की मांग पर एक हजार सीटों की क्षमता वाले कान्फ्रेंस हॉल, 2 स्मार्ट क्लास और महाविद्यालय परिसर में हाई मास्क लाइट की स्थापना करने की भी घोषणा की। मंत्री श्री वर्मा ने नवप्रवेशी छात्राओं को रक्षासूत्र बांधकर उनका स्वागत किया। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र जीवन में दृढ़ संकल्प और मेहनत से आपका भविष्य उज्जवल बनेगा। उन्होंने कहा इतिहास में उन्ही लोगों का नाम दर्ज किया जाता है जो कड़ा संघर्ष कर सफलता हासिल करते है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित करना छत्तीसगढ़ सरकार का ध्येय है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षा तैयारी हेतु आवेदन 11 तक

बलौदाबाजार,29 जुलाई। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण, 100 विद्यार्थी (64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति) जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र कार्यालय आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग कलेक्ट्रेट परिसर बलौदाबाजार में 11 अगस्त 2025 तक मंगाए गए है। आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट से अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी हेतु पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम आदि की सूचना विभागीय वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है।

दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने सीआरसी एक अद्भुत केन्द्र : अभिषेक

■ सीआरसी ठाकुरटोला में दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगजन द्वारा मेला ''पर्पल फेयर'' का आयोजन

राजनांदगांव 29 जुलाई। दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) ठाकुरटोला राजनांदगांव में आज दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगजन द्वारा मेला ''पर्पल फेयर'' का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) ठाकुरटोला देश, प्रदेश एवं विशेषकर राजनांदगांव के लिए महत्वपूर्ण केन्द्र है। भविष्य में प्रदेश के तमाम दिव्यांग बच्चे एवं बुजुर्गों के पुनर्वास, उपकरण तथा समय-समय पर उन्हें आधुनिक तकनीकों से अवगत कराने, उनके सम्मान, सामाजिक स्तर पर सशक्त बनाने, उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक अद् भूत केन्द्र राजनांदगांव में है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस संस्थान का सदुपयोग करें। हर दिव्यांग तक शिक्षा एवं उपकरण पहुंचे तथा उनके प्रति समाज में संवेदनशीलता एवं जागरूकता रहे। छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव में दिव्यांगजनों के लिए एक दूरदर्शी प्रयास करते हुए सीआरसी सेंटर प्रारंभ किया गया है। जहां उन्हें सम्मान के साथ-साथ आजीविका के लिए भी अवसर उपलब्ध हो रहे है। इस संस्थान में निस्वार्थ भाव से दिव्यांगजनों की सेवा की जा रही है। यहां ऐसे प्रशिक्षित एवं विशेषज्ञों के द्वारा दिव्यांगजनों को शारीरिक एवं मानसिक तरीके से मजबूत बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। दिव्यांगजनों के सशक्त बनने से हमारा प्रदेश सशक्त बनेगा। उन्होंने पर्पल फेयर में लगाए गए सभी स्टॉल का अवलोकन किया तथा दिव्यांगजनों द्वारा बनाई गई खुबसूरत पेंटिंग एवं उनके हुनर की प्रशंसा की।

पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने कहा कि मक्के के दाने की पंक्तिबद्धता, संतरो की कलियों का अनुशासन, गुलाब की कलियों की व्यवस्था, मोर पंख की सुंदरता देखी होगी, इन सभी को मिलाकर समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) ठाकुरटोला बना है। उन्होंने कहा कि खेलना और मुस्कुराना ईश्वर के हाथ में हैं और उनके बीच महकना इंसान के हाथ में है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन ईश्वर की देन है और हमें दिव्यांगजनों की सेवा करनी चाहिए।

रैम्प योजना के तहत उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 29 जुलाई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से रैम्प योजना अंतर्गत अंतर्गत भाटापारा में उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अग्रणी बैंक अधिकारी के प्रतिनिधी अनुपम कुमार सिंह मुख्यप्रबंधक भारतीय स्टैट बैंक कृषि शाखा व शसुबोध कुमार सिंह मुख्यप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा भाटापारा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस कार्यक्रम में जिले के दर्जनों सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों कई योजना के हितग्राहियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिले के प्रमुख बैंक प्रतिनिधियों ने उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना की जानकारी दी। उपस्थित उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं को साझा किया, जिन पर बैंक अधिकारियों ने समाधान और मार्गदर्शन प्रदान किया। मौके पर ही यूको बैंक शाखा रोहरा द्वारा स्वीकृत ऋण सीया एसएचजी को 1.50 लाख और पार्वती स्व सहायता समूह को आचार, बडी, पापड़ के विनिर्माण के लिये रू. 4 लाख का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग गुणेश्वरी साहू, अग्रणी जिला प्रबंधक के प्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी, बैंकों के प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठन एवं स्थानीय उद्यमी व स्व-सहायता समूह उपस्थित रहे।

संपादकीय

धन के लिए समाज को क्षति

नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। देश के हर नागरिक को उच्चतम न्यायालय की इस नसीहत पर अमल करना चाहिए। आत्म नियमन के अभाव में कई बार इस आजादी के नाम पर अपमानजनक काम हो जाते हैं चाहे वह कोई रचना हो या टिप्पणी। ऐसे काम समाज को दूषित कर सकते हैं या वैमनस्य बढ़ा सकते हैं। स्थिति आगे बढ़कर विभाजनकारी सोच को मजबूत करते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द को भी बिगाड़ सकती है।

ऐसी स्थिति की पूर्व कल्पना किसी भी काम से पहले कर लेनी चाहिए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विनाथन की पीठ वजाहत खान नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही है। खान पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक हिन्दू देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। उसके खिलाफ पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हैं। खान ने एक अन्य सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ एक वीडियो में कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी करने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। खान के वकील ने शीर्ष अदालत में कहा कि ऐसे पोस्ट के जवाब में आपत्तिजनक टिप्पणियां नहीं की जानी चाहिए। न्यायालय को लगता है कि लोगों के लिए सोशल मीडिया पोस्ट पर गाइडलाइन होनी ही चाहिए। पीठ ने सवाल किया कि नागरिक स्वयं संयम क्यों नहीं रख सकते? लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मोल समझना ही चाहिए। ऐसा नहीं होने की स्थिति में राज्य का हस्तक्षेप अवश्यंभावी है जो कोई नहीं चाहता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता 100 फीसद पूर्ण अधिकार नहीं हो सकता, लेकिन नागरिक इस स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं। प्रतिबंध होंगे तो सीमा से बाहर जाने पर कानून का भय रहेगा। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंधों को सही बताया। उच्चतम न्यायालय को इस बात पर भी गौर करना चाहिए कि सोशल मीडिया मंच किस तरह लोगों को हदें तोड़ने को प्रोत्साहित कर रहे हैं। किसी के भी खिलाफ कुछ भी लिख दो, अश्लील से अश्लील सामग्री पोस्ट कर दो। धर्म के खिलाफ अनर्गल पलाप कर दो, सब बिना किसी रोक के प्रकाशित हो रहा है। सबसे पहले इनकी खबर ली जानी चाहिए। धन के लिए इन्हें समाज को क्षति पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे और आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां को लेकर भी काफी सतर्क रहेंगे। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से व्याग्रता बढ़ सकती है। आप संतान के मन में चल रही उलझनों को जानकर दूर करने की कोशिश करें। यदि उनको किसी विषय में कोई समस्या आ रही है, तो उसके लिए आप उनके गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं।

वृषभ आज का दिन आपके लिए किसी काम को लेकर सावधान रहने के लिए रहेगा। आपके मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं, जिन्हें आपको पहचान की आवश्यकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी जरूरी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जा सकते हैं। आप अपने माताजी के दी गई जिम्मेदारियों में ढील देने से बचना होगा। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है, जिसको लेकर आपका मन परेशान रहेगा। आपके घर-परिवार में किसी सदस्य के रिश्ते में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

मिथुन आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में किसी से जबरदस्ती अपनी बात मनवाने की कोशिश न करें, नहीं तो आपके बॉस से आपके रिश्ते खराब हो सकते हैं। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें। आपके आसपास में यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहें। आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है, जिसको लेकर लापरवाही करना आपको नुकसान देगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

कर्क आज आपके निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप कामकाज को लेकर कहीं यात्रा पर जा सकते हैं। आपको इसके बाद एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको काम के चक्कर में अत्यधिक धन लगाने से बचना होगा। आप अपने कीमती सामानों के सुरक्षा आवश्यक करें। आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा हो, तो आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा किये बिना बिल्कुल आगे ना बढ़ें। परिवार में आपसी तालमेल बना रहेगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको अपने कामों को किसी दूसरे पर टालने से बचना होगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए कोई अच्छा ऑफर आ सकता है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोग अपनी मेहनत से बिल्कुल पीछे न हटें।

कन्या आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें। आपको किसी पैतृक संपति की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। संतान को भी उनकी पढ़ाई के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके बिजनेस में आपकी काफी मदद करेगा। भाई व बहनों से भी आपके खूब पटेगी, लेकिन ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति को धन उधार देने स बचें।

तुला आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों को धैर्य और साहस से निपटाने की आवश्यकता है। आप कोई निवेश थोड़ा सोच समझकर करें। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपने मन में चल रही समस्याओं को लेकर अपने पिताजी से सलाह मशवरा कर सकते हैं। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी। कोई नए काम की शुरुआत करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं।

वृश्चिकआज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। मित्रों के साथ आप अपने आगे के भविष्य को लेकर कोई फैसला ले सकते हैं। किसी कानूनी मामले में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आप किसी से प्रलोभन में ना आए, नहीं तो आपका धन फंस सकता है। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी से आगे के रिश्ते को लेकर बातचीत करेंगे।

धनु आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहने वाला है। उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, क्योंकि यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। जीवनसाथी से भी यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर हो सकती हैं। आपका कोई परिजन आपके घर दावत पर आ सकता है। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की कोई छवि खराब करने की कोशिश कर सकता है।

मकर आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलेगा। आपके बिजनेस की योजनाओं को गति मिलेगी। आप अपने कामों को लेकर काफी गंभीरता दिखाएंगे, तभी वह समय से पूरे होंगे। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। जिस काम में आप हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। प्रॉपर्टी को लेकर कोई डील यदि अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है।

कुंभ आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने पिताजी से किसी चीज को लेकर जिद कर सकते हैं। संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। आप उन पर कोई जबरदस्ती जिम्मेदारी ना डालें। परिवार में चल रही कलह फिर से शुरू हो सकती है, लेकिन आप उसे दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको कोई लेनदेन से संबंधित मामले को समय रहते निपटाने की आवश्यकता है, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती है।

मीन आज आपको कामों को लेकर थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें और अपने अधूरे कामों को समय से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने खानपान में सुधार लाना होगा, क्योंकि आपकी शारीरिक समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आपको किसी बड़े लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपना फोकस बनाए रखना होगा।

चर्चित मुद्दा

भारत में बुजुर्गों का तिरस्कार कब खत्म होगा?

सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में भारत ही एक ऐसा संस्कारी सभ्यता का प्रतीक सर्वधर्म समभाव महा मानवों का देश है जहां,माता-पिता बड़े बुजुर्गों की आज्ञा को ऊपरवाले की रज़ा व आदेश मानने वालों का यह देश आज पाश्चात्य वैचारिकता की ओर बढ़ गया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र जब तीन दिन पहले प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग माँ के परिजनों द्वारा उसे सड़क के कोने में फेंक कर भागने व 25 जुलाई 2025 को उन्हें अस्पताल में बचाने की काफी कोशिशें के बावजूद उसकी मृत्यु हो गई,मां को फेंक भागने का वीडियो देखकर भारत के संस्कारी लोगोंका दिल पसीज गया,मैं भी सीसीटीवी वीडियो देखकर रो पड़ा,फेंकने वाले संभ्रात परिवार के दो महिला व एक पुरुष दिखाई दे रहे हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक ऑटो से आए थे, बुजुर्ग मां को एक ने दोनों हाथो व दूसरे ने दोनों पैरों से पड़कर रोड किनारे फेक कर उसको चादर डालकर भाग गए। मेरा मानना है यह सीसीटीवी वीडियो देखकर सबका खून खौल उठा होगा। संसद का मानसून सत्र चल रहा है, जो 21 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस आर्टिकल के माध्यम से मैं केंद्र सरकार व सभी पार्टीयों के सभी राज्यसभा व लोकसभा सांसदों से हृदयपूर्वक मार्मिक अपील करना चाहता हूं कि, ताबतोड़ इसी हफ्ते संसद में माता-पिता सीनियर सिटीजन (अत्याचार अपमान व दुर्व्यवहार निवारण) विधायक 2025 बनाकर पेश करें, व सभी मिलकर लोकसभा में 543/0 व राज्यसभा में 245/0 के रिकॉर्ड तोड़ समर्थन से यह बिल पारित कर पूरे विश्व में एक उदाहरण पेश करें, तो भारत सहित पूरी दुनियाँ खुश हो जाएगी। मैं युवाओं से कहना चाहूंगा कि आज भारत भले ही युवाराष्ट्र है, परंतु एक रिपोर्ट के अनुसार 25 वर्षों के बाद भारत में 60 प्लस की संख्या अधिक होगी, जिसमें आज के सभी युवा शामिल होंगे। आज बुजुर्गों की स्थिति यह है कि 77 पेर्सेंट बुजुर्गों के साथ भावनात्मक मौखिक दुर्व्यवहार, 24 पेर्सेंट से शारीरिक दुर्व्यवहार होता है, तो 27 पेर्सेंट आर्थिक शोषण व 50 पेर्सेंट की उपेक्षा होती है।आज वर्तमान कानून

माता-पिता वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण (संशोधित) अधिनियम 2019 व 2007 में बनाए गए माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम नाकाफी सिद्ध हो रहे हैं,क्योंकि आज करीब 12 पेर्सेंट बुजुर्गों को ही इन कानूनों के बारे में जानकारी है,ऐसी रिपोर्ट कहती है। मेरी अपील है कि मेरे द्वारा सुझाए गए उपरोक्त विधेयक में हत्या सामूहिक रेप व देशद्रोह की धाराओं के समतुल्य सजा का प्रावधान करना जरूरी हो गया है। अयोध्या एसपी का इंटरव्यू मैंने देखा तो पता चला पूरी तेज रफ्तार से जांच जारी है।महिला का फोटो जारी कर आरोपियों का पता बनाने बताने वालों के लिए इनाम की घोषणा की गई है। 25 किलोमीटर के दायरे में सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं अनेक पुलिस टीमें बनाई गई है, परंतु मेरा मानना है,आरोपी पकड़े जाने के बाद भी कानून की खामियों से शीघ्र ही जमानत व केस ट्रायल होने के बाद पूरी तरह छूट जाने की संभावना है, जिसका संज्ञान माननीय सभी सांसदों को लेना चाहिए, व सभी राज्यों को भी अपने-अपने स्तर पर एक सख्त कानून बनाने की जरूरत है।चूँकि रामनगरी अयोध्या में शर्मसार हुई मानवता, 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को संभावित परिवार वालों ने लावारिस फेंककर भागे, सीसीटीवी में कैद हुई हृदय विधायक घटना,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में बुजुर्गों का तिरस्कार कब खत्म होगा? राम शर्मिंदा है,अयोध्या में संभावित परिवारजनों द्वारा सड़क पर माँ को फेंक भगा निकले, माँ दम तोड़ गई। साथियों बात अगर हम 24 जुलाई 2025 को 1.50 एएम अयोध्या में हुई माँ को लावारिस फेंक भागने की घटना की करें तो,आज पूरे देश में अयोध्या की चर्चा हो रही है, लेकिन आज अयोध्या की चर्चा भगवान राम के लिए नहीं बल्कि एक बुजुर्ग महिला की वजह से हो रही है, जिसे कुछ लोगों ने अयोध्या में लावारिस छोड़ दिया और कुछ ही घंटे बाद उसकी मौत हो गई। ये घटना 23 जुलाई की देर रात 1 बजकर 50 मिनट की है। जब अयोध्या के दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज के पास रात के अंधेरे में संभवतःपरिवार वाले 80 वर्ष की इस बुजुर्ग महिला को लेकर आए और उसे सड़क किनारे फेंककर चले गए। ये पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दो महिलाएं और एक पुरुष बुजुर्ग महिला को ई-रिक्शा से उतारकर वहां से जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।अयोध्या के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नगर) ने कहा,अब तक की जांच में पता चला है कि बुजुर्ग महिला को उसके रिश्तेदार देर रात ई-रिक्शा में लाए थे, और फिर उसे सड़क किनारे छोड़कर चले गए। सूचना मिलने के बाद, पुलिस महिला को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गई, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। साथियों बात अगर हमसीसीटीवी कैमरों व पुलिस जांच की करें तो,सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि बुजुर्ग महिला को ई-रिक्शा में लाकर सड़क किनारे छोड़ दिया गया। ई-रिक्शा में सवार लोग उसके ऊपर कंबल डालकर तुरंत वहां से चले गए।एसपी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए दोषियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। अभी तक करीब 25 किलोमीटर का दायरा सीसीटीवी के ज़रिए चेक कर लिया गया है जल्द ही ई रिक्शा चालक और परिजन का पता लगा लिया जाएगा जिस इलाके में ये वारदात हुई वहा के स्थानीय लोगो का कहना है कि ये इलाका सुल्तानपुर गोंडाबहराइच और अम्बेडकरनगर को जोड़ता है ऐसे में संभावना है कि यह लोग इन जिलो से भी आए होंगे,स्थानीय लोगो ने इस पूरे वारदात की अत्यंत कड़ी निंदा की है।

साथियों बात अगर हम साथियों बात अगर हम सूचीगत जातियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए अनुसूचित जाति व जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 2019 के समकक्ष माता-पिता बुजुर्गों के सम्मान के लिए कानून बनाने की करें तो जिस तरह सामाजिक सौहार्दपूर्णता समानता को कायम रखने के लिए स्ट्रासिटी (अमेंडेड) कानून 2019 बनाया गया है,जिसका डर हमेशा उपद्रवी लोगों में बना रहता है या फिर कभी नए फौजदारी अधिनियम 2023 में क्राइम को रोकने अनेक धाराओं का डर लोगों में बना हुआ है उसी तर्ज पर मेरा सुझाव है कि संसद के 21 अगस्त 2025 तक चलने वाले मानसून सत्र में माता-पिता बुजुर्गों के साथ होने वाली क्रूरता दुष्टपरिणाम द्रुव्यवहार अपमान व दुत्कार पर लगाम लगाने के लिए माता-पिता वह वरिष्ठ नागरिक (अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार व्यवहार व दुराचार) विधेयक 2024 बनाकर पेश किया जाए जिसे सभी पार्टियों एक मत होकर 544/0 मतदान से पारित करेंगी ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। साथियों बात अगर हम प्रस्तावित कानून में माता-पिता व वरिष्ठ नागरिक (अत्याचार अपमान दुर्व्यवहार निवारण) विधेयक 2024 की जरूरत की करें तो, हमारा देश महान संतानों की भूमि है,यहां बच्चों से अपने बुजुर्ग माता-पिता की उचित देखभाल करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन पीड़ादायक है कि नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आ गई है कि अपना सुख-चैन जिन बच्चों के लिए माता-पिता त्याग कर जीवन खत्म कर देते हैं, वही बच्चे उन्हें बुढ़ापे में दो जून की रोटी और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं।

साथियों बात अगर हम माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण व कल्याण अधिनियम 2019 की करें तो, प्रावधान-धारा 2 डी के तहत इन्हें मिलेगा फायदा, जन्मदाता माता-पिता, दत्तक संतान ग्रहण करने वाले, सौतेले माता और पिता- धारा 2(जी) उनके लिए जिनके बच्चे नहीं- अधिनियम की ये धारा उनके लिए हैं, ऐसे में उनके भरण पोषण की जिम्मेदारी वे संबंधी उठाएंगे जो उनकी संपत्ति के हकदार हैं।

साथियों बात अगर हम माता-पिता वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण (संशोधित) अधिनियम 2019 को बनाने की जरूरत की करें तो, अपने ही देश,समाज और घर परिवार में बेगाने होते जा रहे बुजुर्गों की स्थिति पर उच्चतम न्यायालय ने भी चिंता व्यक्त की है. शीर्ष अदालत ने दिसंबर, 2018 में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि बुजुर्गों के हितों की रक्षा के लिए 2007 में बनाये गये माता पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण कानून के प्रावधानों का सख्ती से पालन किया जाए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे किरामनगरी अयोध्या में शर्मसार हुई मानवता- 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को संभवतःपरिवार वाले लावारिस फेंककर भागे- सीसीटीवी में कैद,जोरदार छानबीन शुरू,भारत में बुजुर्गों का तिरस्कार कब खत्म होगा? - राम शर्मिंदा है,अयोध्या में संभावित परिजनों द्वारा माँ को सड़क पर फेक भाग निकले- मां दम तोड़ गई,अयोध्या में परिवार द्वारा सड़क पर फेंकी 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला कीमौत-सीसीटीवी वीडियो देखकर देश का दिल पसीज़ा-मैं भी रो पड़ा।

धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं के जीवन से खिलवाड़ पर सवाल

मनोज कुमार अग्रवाल

हरिद्वार और बाराबंकी में 48 घंटे में दो मंदिरों में भगदड़ में 10 लोगों की मौत ने सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं. भीड़ नियंत्रण, अफवाह रोकथाम और आधी अधूरी तैयारी और आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद की अनुमानित गणना में भारी गड़बड़ी इन घटनाओं की वजह बन रहीं हैं। आपको पता रहे कि उत्तराखंड के हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई रविवार सुबह भगदड़ मच गई, जिसमें छह लोगों की मौत हुई है. जानकारी के मुताबिक कांवड़ यात्रा के बाद रास्ता खुलने से भारी तादाद में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे और भीड़ की वजह से अफरा-तफरी मच गई. हादसे में 15 लोगों घायल भी हुए हैं. प्रशासन ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.मनसा देवी में मंदिर की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर यह भगदड़ हुई है और प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर जल्द काबू पा लिया गया वरना मरने वालों की संख्या और अधिक बढ़ सकती थी . चश्मदीद के मुताबिक सीढ़ियों पर लगे बिजली के एक पिलर में शॉर्ट सर्किट की अफवाह उड़ी थी, जिसके बाद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे. सिर्फ एक दिन बाद ही इसी पैटर्न पर समान घटना उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में सोमवार को एक मंदिर में मची भगदड़ में दो लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए. बंदरों द्वारा तोड़ा गया एक बिजली का तार टिन शेड पर गिर गया. यह घटना देश भर में धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक आयोजनों में हुई जानलेवा भगदड़ की श्रृंखला में नई है. इस साल अब तक मंदिरों, रेलवे स्टेशनों और महाकुंभ जैसे विशाल आयोजनों में ऐसी त्रासदियों में 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें आज की घटना भी शामिल है.देश में साल 2003 से लेकर अब तक 23 भगदड़ में 1446 लोगों की जानें गई हैं, जबकि हजारों लोग घायल हुए.हाल के दिनों में धार्मिक स्थलों पर हुए भगदड़ की घटनाओं में कई लोगों के जान गंवानी पड़ी है. 29 जून, 2025: पुरी में रथ यात्रा के दौरान देवताओं के रथों के पास भगदड़ मचने से दो महिलाओं सहित तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कम से कम 50 घायल हो गए.03 मई, 2025: शनिवार को उत्तरी गोवा में एक मंदिर उत्सव के दौरान भगदड़ मचने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए.08 जनवरी, 2025: तिरुपति में भगदड़ में 6 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, क्योंकि लोग तिरुमाला मंदिर में वैकुंठ एकादशी उत्सव के लिए टिकट लेने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे.

12 अगस्त, 2024: बिहार के जहानाबाद जिले के मखदुमपुर क्षेत्र में बाबा सिद्धनाथ मंदिर में भगदड़ मचने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए.02 जुलाई, 2024: उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक 'सत्संग' के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई. यह भगदड़ बाबा नारायण हरि उर्फ साकार विश्व हरि 'भोले बाबा' के समागम में हुई थी, जो एक पूर्व पुलिसकर्मी थे और दो दशक पहले धार्मिक उपदेशक बन गए थे और खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उनके अनुयायी बढ़ गए थे.31 मार्च, 2023: इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के अवसर पर आयोजित 'हवन' कार्यक्रम के दौरान एक प्राचीन 'बावड़ी' या कुएं के ऊपर बनी स्लैब गिरने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई.01 जनवरी, 2022: जम्मू-कश्मीर में प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा घायल हो गए.14 जुलाई, 2015: आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में 'पुष्करम' उत्सव के उद्घाटन के दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ मचने से 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए.03 अक्टूबर, 2014: दशहरा समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मचने से 32 लोग मारे गए और 26 अन्य घायल हो गए.13 अक्टूबर, 2013: मध्य प्रदेश के दतिया ज़िले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 115 लोग मारे गए और 100 से ज़्यादा घायल हो गए. भगदड़ इस अफ़वाह के कारण मची कि जिस नदी के पुल को श्रद्धालु पार कर रहे थे, वह टूटने वाला है.19 नवंबर, 2012: पटना में गंगा नदी के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में करीब 20 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए. 14 जनवरी, 2011: केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 तीर्थयात्री मारे गए, 100 से ज्यादा लोग घायल हुए.04 मार्च, 2010: उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ मचने से लगभग 63 लोगों की मौत हो गई, क्योंकि लोग स्वयंभू बाबा से मुफ्त कपड़े और भोजन लेने के लिए जमा हुए थे.30 सितंबर, 2008: राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह के कारण मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालु मारे गए और 60 से ज्यादा घायल हुए.03 अगस्त, 2008: हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह के कारण मची भगदड़ में 162 लोग मारे गए, 47 घायल हुए.25 जनवरी, 2005: महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान 340 से ज़्यादा श्रद्धालु कुचलकर मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए. यह दुर्घटना तब हुई जब कुछ लोग नारियल तोड़ते समय फिसलन भरी सीढ़ियों पर गिर गए. 27 अगस्त, 2003: महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में पवित्र स्नान के दौरान भगदड़ में 39 लोग मारे गए और लगभग 140 घायल हो गए.

इन सब घटनाओं में सबसे महत्वपूर्ण और शर्मनाक स्थिति यह भी है कि हमारे श्रद्धालुओं में आपसी सद्व्यवहार परस्पर सुरक्षा की भावना और सिविल सैंस का बेहद अस्वीकार्य माहौल बनता है उनमें एक दूसरे से पहले दर्शन या स्नान करने की होड़ अनियंत्रित भीड़ में घुसकर धार्मिक कार्य पूर्ण करने की आस्था और धैर्य व आपसी सहयोग के स्थान पर सिर्फ स्वार्थ या अपने बचाव के लिए संकल्पित होना बेहद गंभीर हैवानियत भरा व्यवहार है। जब कम स्थान में स्थान की क्षमता से की गुना अधिक तादाद में श्रद्धालु कथा सुनने स्नान दर्शन करने या पुरी जैसे शोभा यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचते हैं तो उन्हें सबसे पहले अपनी परिवार महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा का आकलन करने के बाद भीड में घुसना चाहिए। प्रशासन को भी एक नियंत्रित संख्या में लोगों को जुटने की छूट देना चाहिए साथ ही तमाम आकलन करने के बाद भीड नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम करना चाहिए। इस के अलावा सबसे ज्यादा जरूरी श्रद्धालुओं को संयम धैर्य बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने के लिए बारंबार अवगत कराना है। लेकिन सिर्फ श्रध्दालुओं से अधिकाधिक पर्यटन के जरिए रोजगार राजस्व जुटाने की मानसिकता में लगी सरकार और उसके तंत्र श्रध्दालुओं की जान की परवाह नहीं करते हैं यही वजह है कि कोई भी बड़ा आयोजन बिना हादसे के जनहानि के संपन्न नही हो रहा है।

डेंगू से रहें सावधान!

डेंगू बुखार एक मच्छर जनित वायरल संक्रमण है जो दुनिया भर के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में आम है। यह डेंगू वायरस के कारण होता है, जो संक्रमित एडीज़ मच्छरों, मुख्यतः एडीज़ एजिप्टी, के काटने से मनुष्यों में फैलता है। डेंगू बुखार एक मच्छर जनित वायरल संक्रमण है जो दुनिया भर के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में आम है। यह डेंगू वायरस के कारण होता है, जो संक्रमित एडीज़ मच्छरों, मुख्यतः एडीज़ एजिप्टी, के काटने से मनुष्यों में फैलता है। डेंगू का प्रभावी ढंग से प्रबंधन और डेंगू रक्तस्रावी बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम जैसी गंभीर जटिलताओं को रोकने के लिए शीघ्र निदान और सहायक देखभाल अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डेंगू बुखार आमतौर पर अचानक तेज़ बुखार के साथ शुरू होता है। इसके बाद तेज़ सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, चकत्ते और कभी-कभी हल्का रक्तस्राव होता है। ये लक्षण असहज और काफी दर्दनाक हो सकते हैं। हालाँकि, असली खतरा गंभीर डेंगू से होता है, जिसे डेंगू रक्तस्रावी बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम भी कहा जाता है। गंभीर डेंगू गंभीर जटिलताएँ पैदा कर सकता है और जानलेवा भी हो सकता है। सात प्रमुख चेतावनी संकेतों पर चर्चा करेंगे जो संकेत दे सकते हैं कि बीमारी गंभीर डेंगू में बदल रही है। इन चेतावनी संकेतों में पेट में तेज़ दर्द, लगातार उल्टी, तेज़ साँसें, मसूड़ों से खून आना, थकान, बेचैनी और उल्टी में खून आना शामिल हैं। सही इलाज पाने के लिए इन संकेतों को जल्दी पहचानना ज़रूरी है।

डेंगू बुखार के 7 प्रमुख चेतावनी संकेत-चेतावनी के संकेतों को जल्दी पहचानने से आपको सही इलाज मिल सकता है और गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। डेंगू बुखार के सात प्रमुख चेतावनी संकेत इस प्रकार हैं:

तेज बुखार
तेज सिरदर्द
जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द
मतली और उल्टी
त्वचा पर चकत्ते
थकान और कमजोरी
हल्का रक्तस्राव

डेंगू बुखार के लक्षण

तेज़ बुखार (104°F या उससे अधिक) इसका पहला और सबसे आम लक्षण अचानक, तेज़ बुखार है जो कई दिनों तक रह सकता है, अक्सर ठंड लगने और बेचैनी के साथ।

आँखों के पीछे तेज़ सिरदर्द और दर्द

आँखों के पीछे एक विशिष्ट दर्द, जो हिलने-डुलने से बढ़ जाता है, डेंगू के सबसे पहचानने योग्य लक्षणों में से एक है। यह तेज़ सिरदर्द अक्सर प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, बुखार और मांसपेशियों में दर्द के साथ होता है, जिससे मरीजों के लिए दैनिक गतिविधियाँ करना मुश्किल हो जाता है।

मांसपेशियों और जोड़ों का दर्द (हड्डी तोड़ बुखार)-मांसपेशियों और जोड़ों का तेज़ दर्द अक्सर हिलने-डुलने या नियमित कार्य करने में कठिनाई पैदा करता है, यही कारण है कि डेंगू को "हड्डी तोड़ बुखार" कहा जाता है।

रक्तस्राव के लक्षण-मसूड़ों से खून आना, नाक से खून आना, उल्टी या मल में खून आना, या आसानी से चोट लगना, प्लेटलेट काउंट में खतरनाक गिरावट के चेतावनी संकेत हैं।

पेट में गंभीर दर्द और द्रव प्रतिधारण -पसलियों के नीचे सूजन,सूजन या बेचैनी, आंतरिक द्रव रिसाव और यकृत की समस्या का संकेत हो सकता है, जो गंभीर डेंगू में आम है। थकान, उनींदापन और बेचैनी अत्यधिक थकान या असामान्य चिड़चिड़ापन संक्रमण के बिगड़ने और संभावित अंग तनाव का संकेत देता है।

डेंगू बुखार से बचाव के सुझाव-डेंगू बुखार से बचाव में मच्छरों के संपर्क और प्रजनन को कम करना शामिल हैः मच्छरों के प्रजनन स्थलों को हटाएँः बाल्टी, गमले और पक्षियों के स्नान के लिए इस्तेमाल होने वाले पानी के बर्तनों को नियमित रूप से खाली और साफ़ करें।

सू-दोकू 124

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.123 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

एक नजर

भाजपा दंतेवाड़ा जिला कार्यकारिणी की घोषणा

विधायक चैतराम व अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने मनोनीत पदाधिकारियों को दी बधाई

दंतेवाड़ा 29 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव , प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप,बस्तर सांसद महेश कश्यप,जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी व दंतेवाड़ा भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के अनुमोदन से भाजपा दंतेवाड़ा के जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गयी है 7 विधायक चैतराम अटामी ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में, दंतेवाड़ा जिला भाजपा की नवगठित कार्यकारिणी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। श्री अटामी ने कहा की जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में नियुक्त सभी पदाधिकारियों—महामंत्री, उपाध्यक्ष, मंत्री एवं अन्य सदस्यों के समर्पण और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता से निश्चित ही भाजपा को नई शक्ति प्राप्त होगी और 'विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ेगा।भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दिया। श्री गुप्ता ने कहा की आप सभी के सहयोग एवं नेतृव से पार्टी को नयी ऊर्जा मिलेगी एवं शासन की योजनाओं व संगठन के विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने का कार्य बेहतर रूप से संचालित किया जायेगा।

कांग्रेस परिवार ने श्री भूतेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा का किया भव्य स्वागत

जगदलपुर, 29 जुलाई। आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य जी के निर्देश पर शहर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा सावन के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर आयोजित श्री भूतेश्वर महाकाल जी की भव्य पालकी यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस शुभ अवसर पर लता निषाद, जाहिद हुसैन,हनुमान द्विवेदी, रविशंकर तिवारी,विक्रम सिंह डांगी, प्रशांत जैन, सहदेव नाग, सुषमा सुता,निकेत झा,विजेंद्र ठाकुर, अनुराग महतो,पार्षद सूर्या पानी,लोकेश चौधरी, जस्टिन भवानी,शुभम यदु,ललिता राव,एस नीला,आभास महंती,सायमा अशरफ़ कमला भत्रा आदि मौजूद रहे।

बलौदाबाजार जिले में अब तक 536.5 मिमी वर्षा

बलौदाबाजार, 29 जुलाई। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 28 जुलाई 2025 तक 536.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 694 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 423.1 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील टुण्डरा 605.1 मिमी, पलारी में 592.6 मिमी, सोनाखान 531.60 मिमी, भाटापारा 526.7 मिमी, बलौदाबाजार 490.2 मिमी, लवन 487.2 मिमी. एवं सिमगा 477.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 4828.3 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 536.5 मिमी है। 28 जुलाई 2025 को 2 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 0.2 मि.मी.है। तहसीलवार में टुण्डरा 1.5 मिमी, सुहेला 0.5 मिमी, सोनाखान, भाटापारा, बलौदाबाजार, पलारी, कसडोल, लवन एवं सिमगा में शून्य मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

महीने में पांच दिन जनता के बीच जाएंगे हरीश

सुकमा, 29 जुलाई। जिले में पिछले दो सालों में लोगो की समस्याएं बढ़ गई है, ग्रामीणों का कोई काम नहीं हो रहा है। आए दिन ग्रामीणों की शिकायते आ रही है, साथ ही क्षेत्रीय विधायक कवासी लखमा की अनुपस्थिति में उनके बेटे हरीश कवासी जनता के बीच जाऐंगे और उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे। हर महिने में पांच दिन विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे और नियद माटा हरीश त संग कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के मुलाकात करेंगे। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराऐंगे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने बताया कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से ग्रामीण इलाकों की समस्याएं बढ़ गई है। ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। क्षेत्रीय विधायक कवासी लखमा की अनुपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है इसलिए हर महिने पांच गांवों का दौरा करूंगा। नियद माटा हरीश त संग कार्यक्रम के तहत गांव का दौरा किया जाएगा वहां के वरिष्ठजनों से मुलाकात की जाएगी। साथ ही गांव के लोगो की समस्याओं से रूबरू होंगे। उसके बाद उन समस्याओं का समाधान करने के लिए शासन-प्रशासन को अवगत कराऐंगे। उन्होने बताया कि सुकमा जिले में विकास ठप्प हो गया है। शासन की कोई भी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को नहीं मिल रहा है। वही सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि जनता की सुध नहीं ले रहे है। युवाओं के पास रोजगार नहीं है। खेती-किसानी कर रहे किसानों के पास खाद की कमी है ऐसी कई समस्याएं है जिसे शासन-प्रशासन के सामने लाने की जरूरत है। इसलिए महिने में पांच दिन तक गांव-गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होंगे और समाधान कराने की कोशिश करेंगे।

टाइगर रिजर्व के 34 गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर विशेष

– रिजवान मेमन

धमतरी, 27 जुलाई। छत्तीसगढ़ का धमतरी जिला, जहां देश के सबसे खूबसूरत जंगलों में गिने जाने वाले टाइगर रिजर्व की हरियाली है, लेकिन इसी हरियाली के बीच बसे 34 गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। यहां न पक्की सड़क है, न इलाज की सुविधा, न बच्चों के लिए ढंग के स्कूल और न ही घरों में रौशनी। ग्रामीण कहते हैं– हमने तो जैसे-तैसे जी लिया, अब हमारे बच्चों को तो हक मिलना चाहिए।

इनमें से कई गावों में सोलर पैनल लगे, लेकिन मेंटेनेंस नहीं है। कई गांवों में अंधेरा ही अंधेरा पसरा रहता है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र के गांवों में बिजली के नाम पर केवल आश्वासन मिला है। क्रेडा विभाग ने सोलर पैनल तो लगाए, लेकिन ज़्यादातर पैनल खराब पड़े हैं। कहीं एक घंटा बिजली आती है, कहीं बिल्कुल नहीं। डिजिटल इंडिया का सपना यहां दूर की बात है।

बरसात में गांव बन जाते हैं टापू

नदी-नालों पर पुल नहीं, बीमार को अस्पताल पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती है। यहां आज तक पक्की सड़कें नहीं बनीं। गांवों तक पहुंचने के लिए पगडंडियों से गुजरना पड़ता है। बरसात के दिनों में ये रास्ते नदियों में बदल जाते हैं और गांव टापू बन जाते हैं। कई बार गर्भवती महिलाओं को कंधे पर उठाकर अस्पताल तक ले जाना पड़ता है।

मकान के लिए रेत नहीं योजना अधर में

पीएम आवास की स्वीकृति तो मिली, लेकिन वन नियमों ने रास्ता रोक दिया है। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलना था, लेकिन मकान बनाने के लिए रेत निकालने की अनुमति वन विभाग ने नहीं दी। एक ग्रामीण का ट्रैक्टर तक जब्त कर लिया गया। अब सवाल है—बिना रेत के मकान कैसे बनेगा?

छात्रावास बना तो वन विभाग ने रुकवा दिया

रिसगांव में 50 सीटर छात्रावास निर्माण अधूरा है। रिसगांव में बच्चों के लिए छात्रावास स्वीकृत हुआ था। निर्माण शुरू भी हुआ, लेकिन वन विभाग ने बिना एनओसी के काम रुकवा दिया।

एकावरी में बच्चों की आंगनबाड़ी और अंगिरा ऋषि स्थल पर अस्थाई शेड भी अधर में है।

ग्रामीणों की समस्या - कहां जाएं, किससे कहें

ग्रामीण का कहना है अब सरकार ही बताए, एनओसी लाएं तो कहां से?

वनवासी ग्रामीणों का कहते हैं हमने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से बात की, लेकिन हर बार वन विभाग का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। जब हम बुनियादी सुविधा मांगते हैं तो नियम-कानून आड़े आ जाते हैं।

स्लरी पाइप लाइन के गड्ढे में डूबा मासूम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 29 जुलाई। गीदम थाना क्षेत्र के हाऊरनार में एनएमडीसी की स्लरी पाइप लाइन बिछाने खोदे गए गड्ढे में डूबने से 10 वर्षीय मासूम छात्र की मौत हो गई। बचेली से नगरनार तक बिछाई जा रही स्लरी पाइप लाइन बिछाने के लिए एनएमडीसी ने करीब 10 मीटर गहरा गड्ढा खुदवाया हुआ है, लेकिन पाइप अब तक नहीं बिछाई है, जिससे खुले हुए गड्ढे में करीब 8 मीटर गहराई तक बरसात का पानी भरा हुआ है। सोमवार की शाम स्कूल में छुट्टी होने के बाद मृतक टिकेश्वर पिता गौतम सिंह उम्र 10 वर्ष पास के खेत की तरफगया था। इसी दौरान स्लरी पाइप लाइन के करीब 10 मीटर गहरे गड्ढे में भरे पानी में गिरकर डूबने लगा। उसके साथ एक अन्य बच्ची भी डूबने लगी। इसी दौरान राह चलते लोगों ने डूब रही बच्ची को किसी तरह बचा लिया। लेकिन टिकेश्वर को नहीं बचा सके। मृतक कक्षा 4 थी का छात्र था। इस हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने आरोप लगाया कि एनएमडीसी पाइप लाइन बिछाने वालों की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। पहले भी यहां गाय-भैसों के गिरकर डूबने के हादसे हो चुके थे। इसके बाद भी कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए गए।

वन विभाग मना रहा वन महोत्सव, बांट रहे पौधे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा/गीदम 29 जुलाई। दंतेवाड़ा वनमंडल अंतर्गत डीएफओ डॉक्टर जाधव सागर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं वन प्रबंधन समिति सदस्यों द्वारा वनो के महत्व के प्रति जागरूक करने अपने-अपने विचार रखे।

इसी कड़ी में आज गीदम परिक्षेत्र के कासोली बालक आश्रम में वन महोत्सव का आयोजन किया गया. आयोजन के दौरान बालक आश्रम कसोली में बच्चों, जन प्रतिनिधियों एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा 30 से अधिक पौधे रोपे गए. साथ ही ग्रामीणों को एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत 100 से अधिक पौधे वितरण किए गए.

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, कार्यक्रम अध्यक्ष- दिनेश कौशल (जनपद उपाध्यक्ष), भाजपा मंडल अध्यक्ष- सुधराम भास्कर, शैलेश अटामी(सरपंच-कासोली), दिलीप नेताम (सरपंच कासोली-2) जिला राम कोर्राम (जनपद सदस्य), वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर ने कहा कि वनों से होने वाले लाभ के प्रति जागरूकता ही वनों के बचाव का मुख्य कारण होगा. श्रीमति भास्कर ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनका देखभाल करने को कहा. उन्होंने कहा कि बस्तर के ग्रामीण वर्षो से वृक्षों को देव तुल्य मानते आए है. वृक्ष ही है जिन्होंने बस्तर को खुशहाल रक्खा है. अभी देखा जा रहा है कि खेत के लिए लगातार ग्रामीणों द्वारा वृक्ष काटे जा रहे हैं. जो कि बिल्कुल ग़लत है. श्रीमति भास्कर ने कहा अगर हम वृक्षों का अच्छे से देखभाल करें तो खेत से भी ज्यादा फायदा हम वृक्षों द्वारा मिलने वाले वनोपजो से कमा सकते हैं.

दन्तेश्वरी महाविद्यालय में विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 6 तक आवेदन

दंतेवाड़ा, 29 जुलाई। शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से जारी विज्ञप्ति अनुसार शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दन्तेवाड़ा में विषय गणित प्राध्यापक-01 पद एवं मनोविज्ञान सहायक प्राध्यापक-01 पद, वानिकी सहायक प्राध्यापक-01 पद. गृह विज्ञान सहायक प्राध्यापक-01 पद, वनस्पति विज्ञान सहायक प्राध्यापक-01 पद, ग्रंथपाल-01 पद के विरुद्ध अध्यापन हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि शिक्षण सहायक एवं अतिथि ग्रंथपाल, अतिथि ग्रंथालय सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 06 अगस्त 2025 को सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। मेल से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

जर्जर भवनों की मरम्मत पर दें विशेष ध्यान : कुंजाम

जिला पंचायत के स्थायी शिक्षा समिति की बैठक संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 29 जुलाई। जिला स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सभापति जिला शिक्षा समिति श्री महेश कुंजाम ने की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लीना ओयाम और श्री सोयम भीमा भी उपस्थित रहे।

बैठक में शिक्षा विभाग की योजनाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी के द्वारा जिले के स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों, स्कूलों की दर्ज संख्या, प्राप्त विभागीय बजट, कार्यरत और रिक्त शिक्षक पद एवं शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शाला त्यागी बच्चों को पुनः स्कूल में लाकर शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रमुख व्यक्तियों के सहयोग पर भी चर्चा की गई। उन्होंने स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा बालिका सुरक्षा को लेकर मायद नूनी कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी। स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कर स्कूलों के संचालन के संबंध में चर्चा हुई। सदस्य सोयम भीमा ने से गगनपल्ली क्षेत्र के स्कूलों की मरम्मत की बात कही। शिक्षा समिति के सभापति श्री महेश कुंजाम ने हॉस्टल, आश्रम को शिफ्ट करने के बारे में चर्चा की। बैठक में डीएमसी श्री उमा शंकर तिवारी, जिला खेल अधिकारी श्री विरूपाक्ष पौराणिक, एडीपीओ श्री नारायण वर्मा, समस्त एपीसी, साक्षरता नोडल, समस्त बीईओ, बीआरसी एवं एबीईओ उपस्थित रहे।

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के ऑनलाइन परीक्षा परिणाम जारी

दंतेवाड़ा, 29 जुलाई। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के द्वारा अग्नि वीरों की भर्ती के लिए विभिन्न पदों जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेड्समैन दसवीं पास और ट्रेड्समैन आठवीं पास, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर, भर्ती, धर्मगुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी की गई अधिसूचना के ऑनलाईन परीक्षा परिणाम दिनांक 26 जुलाई 2025 इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर जारी कर दिये गए हैं। इसके लिए आवेदक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है। साथ ही आवेदकों द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा की निःशुल्क तैयारी हेतु कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में संपर्क किया जा सकता है।

मेगा ब्लड डोनेशन कैंप : कलेक्टर -एसपी ने किया रक्तदान

दंतेवाड़ा, 29 जुलाई। जिला प्रशासन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आज जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, सुरक्षाबलों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा सहित सीआरपीएफ एवं डीआरजीएफ के जवानों, जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वास्थ्य विभाग के अमले ने मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कहा, रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित इस मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में जिलेवासियों की सराहनीय भागीदारी देखने को मिली है। एक घंटे के भीतर 30 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो एक सकारात्मक संकेत है। जिले में दुर्घटनाओं, प्रसव एवं अन्य आपात चिकित्सा स्थितियों में रक्त की आवश्यकता होती है, ऐसे में इस तरह के रक्तदान शिविर अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 29 जुलाई। जिले के द्वितीय वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 87 वॉ स्थापना दिवस 27 जूलाई 2025 को कमांडेंट महोदय कमलेश कुमार के नेतृत्व में हर साल की तरह इस वर्ष भी बड़े हर्षउल्लास के साथ मुख्यालय एवं वाहिनी के सभी समवायों में मनाया गया। इसके उपरांत 28 जूलाई 2025 को द्वितीय वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय द्वारा प्रति वर्ष की तरह वाहिनी मुख्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर द्वितीय वाहिनी के कमाण्डेट कमलेश कुमार के नेतृत्व में वाहिनी के सभी उच्च अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं कार्मिको ने स्वेच्छा से रक्त दान किया। इस अवसर पर सर्व प्रथम कमाण्डेट कमलेश कुमार, विवेक सक्सेना द्वितीय कमान अधिकारी अश्वानी कुमार मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी(परि0), डा0 नितेश नानाजी परचाके मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रक्त दान कर इस आयोजन का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला चिकित्सालय के डा0 रवि कुमार जागड़े ब्लड बैंक अधिकारी, अजय जयसवाल ब्लड बैंक टेक्नोलॉजिस्ट, निरी/आरओ0 डी0 कृष्णामूर्ती, निरी./मत्रा. सत्य प्रकाश शुक्ला सहित अन्य जवान उपस्थित थे। इस शिविर में बल के अधिकारियों एवं कार्मिको द्वारा 27 यूनिट ब्लड, ब्लड बैंक को दान किया।साथ ही कमाण्डेट महोदय कमलेश कुमार ने रक्तदान करने के फायदे से बल के कार्मिकों को अवगत कराया कि रक्त दान न केवल दूसरो के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है।

नागपंचमी पर पूजे गए नागदेवता

देवालयों में उमड़े भक्त, नाग देवता का किया गया दुग्धाभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 29 जुलाई। नागपंचमी के पावन अवसर पर आज नगर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शिवभक्तों ने दुग्धाभिषेक कर नागदेवता की पूजा अर्चना की। हिन्दू धर्म शास्त्रों के मुताबिक हिन्दू पंचांग की पंचमी तिथि के स्वामी शेषनाग हैं। वहीं पौराणिक मान्यताओं में नाग जाति की उत्पत्ति शिव कृपा से ही मानी गई है। यही कारण है कि शिव भक्ति के काल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी पर नाग पूजा व नागदेवता के दर्शन बहुत ही शुभ मानी गई है। मंगलवार को नागपंचमी का पर्व अंचल में भक्तिभाव के साथ मनाया गया। धार्मिक मान्यताओं में नागपूजा दरिद्रता और कलह दूर कर खुशहाली लाती है। वैवाहिक, संतान सुख और कामनाएं पूरी होती है। धार्मिक त्योहारों में नागपंचमी का विशेष महत्व होता है । इस अवसर पर जगह जगह भक्तगण नाग देवता की पूजा कर उसे दुध पिलाते हैं । पुराणों के मुताबिक नागपंचमी के दिन घर के दरवाजे के दोनों तरफ नाग की मूर्ति बनाकर उसकी पूजा करने से नागराज प्रसन्न होते हैं और भक्तों को मनचाहा फल की प्राप्ति होती है। इस दिन भक्त अपने घरों में गेहूं के आटे से निर्मित नाग-नागिन का चित्र बनाकर पूजा करते हैं। नागपंचमी पर सपेरों को बुलाकर अपने घरों में नाग देवता को दुध भी पिलाई जाती है और इस तरह साक्षात नागराज के दर्शन व पूजन कर भक्त अपने को धन्य करते हैं। नागपंचमी के शुभ अवसर पर आज बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने देवालयों में पहुंचकर भगवान शिव के लिंग पर विराजमान नागदेव को दूध चढ़ाकर कर तथा नारियल, फल-फूल, बेलपत्र, शहद चावल आदि अर्पित कर नाग देवता समेत भगवन शिवजी की आराधना की । नागपंचमी पर आज बहुत सी महिलाएं व्रत रखीं हैं। भक्तों ने नागदेवता की पूजा कर भगवान शिवजी से परिवार की सुख सलामती की कामना की।

सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 29 जुलाई। दिनांक 27/07/2025 को 2दक बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सुकमा के सबरीनगर में स्थित विाहिनी मुख्यालय तथा अन्य सभी समवाय कैंप रामाराम, चिंलागुफा, मिनपा, एफ0 ओ0 बी0 मुर्कराजकोडा एवं दुलेर मे सीआरपीएफ का 87 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें कमाण्डेंट श्री कमलेश कुमार ने क्वाटर गार्ड पर सलामी ली तथा सैनिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बल के गौरवमयी इतिहास, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रकाश डाला साथ ही जवानों को राष्ट्रसेवा एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए सतत् तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत कमांडेंट श्री कमलेश कुमार के नेतृत्व में बटालियन के श्री अश्वनी कुमार मिश्रा (द्वितीय कमान अधिकारी), डॉ0 नितेश परचाके (सी0एम0ओ0) एवं अन्य अधिकारीगण व जवानों ने स्थानीय दिव्यांग विद्यालय का दौरा कर बच्चों के साथ यह महत्वपूर्ण दिन साझा किया। इस अवसर पर कमांडेंट श्री कमलेश कुमार ने बच्चों से संवाद किया, उन्हें प्रोत्साहित किया और मिठाइयाँ वितरित की। बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने कार्यक्रम को अत्यंत भावनात्मक एवं प्रेरणादायक बना दिया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय एवं सभी समवायों में जवानों के मनोरंजन के लिए रस्साकसी एवं वॉलीबाल जैसे खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के जवानों ने काफी उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया। इन खेलों के विजेता प्रतिभागियों को कमाण्डेंट महोदय द्वारा पुरूस्कृत किया गया। सायंकाल में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

एक नजर

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 151 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

रायगढ़, 29 जुलाई। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, जिला रायगढ़ के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आज पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर एवं डेंगू रोधी माह से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया।शिविर के दौरान विद्यालय के 151 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें हिमोग्लोबिन और सिकलिंग से संबंधित जांच भी की गई। जांच के दौरान 8 बच्चों में सिकलिंग पॉजिटिव की पुष्टि हुई। सभी बच्चों को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित व्यायाम हेतु परामर्श दिया गया। इस अवसर पर डेंगू रोधी माह के अंतर्गत ड्राइंग, पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हैपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में हैपेटाइटिस बीमारी के बचाव व रोकथाम के लिए भी जानकारी दी। इस अवसर पर शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.सोनाली मेश्राम, डॉ.ऋतम्भरा पटेल, डॉ.तरन्नुम बेगम, डॉ. डी. प्रशांत कुमार, मीना शर्मा, नर्सिंग शिक्षक और स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए मेधावी छात्र 15 अगस्त तक कर सकते है ऑनलाईन आवेदन

रायगढ़, 29 जुलाई। जिले के ऐसे मेधावी छात्र-छात्राएं, जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर असाधारण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, वे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए 15 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है और राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

सामान्य सभा की बैठक 4 अगस्त को

महासमुंद, 29 जुलाई। जिला पंचायत महासमुंद की सामान्य सभा की बैठक सोमवार 04 अगस्त 2025 को दोपहर 1:00 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस. आलोक ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक में अपने विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों तथा बैठक से तीन दिवस पूर्व (01 अगस्त) तक विभागीय जानकारी 30 प्रतियों में फोल्डर सहित पीपीटी प्रारूप में जिला पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने कहा है। बैठक में कृषि विभाग, सहकारिता एवं उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

पांचवीं और आठवीं के पूरक परीक्षा परिणाम घोषित

धमतरी, 29 जुलाई। शासन के निर्देशानुसार केन्द्रीयकृत पूरक परीक्षा 2025 कक्षा पांचवीं और आठवीं के परीक्षा परिणाम 25 जुलाई को घोषित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कक्षा पांचवीं की केन्द्रीयकृत पूरक परीक्षा में पंजीकृत 124 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 49 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 11 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए तथा 48 विद्यार्थियों को क्रमोन्नति की पात्रता मिली है। इसी तरह कक्षा आठवीं में पंजीकृत 701 विद्यार्थियों में से 26 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 91 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 187 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी और 397 विद्यार्थियों को क्रमोन्नति की पात्रता दी गई है।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जी.एन.एम की छात्राओं द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

महासमुंद, 29 जुलाई । हर वर्ष की भांति इस वर्ष 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार विश्व हेपेटाईटिस दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू घृतलहरे के मागदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चन्द्राकर (एनवीएचसीपी) की उपस्थिति में शासकीय जी.एन.एम प्रशिक्षण संस्था में नर्सिंग छात्राओं द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा हेपेटाइटिस से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने जानकारी देते हुए बताया कि हेपेटाइटिस का मुख्य कारण एल्कोहॉल के साथ-साथ नान-एल्कोहॉल फैटी लिवर भी होता है, हेपेटाइटिस से सावधानी बरतने हेतु एल्कोहॉल के साथ-साथ जंक फूड सेवन न करने की सलाह दी गई, हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण बुखार व थकान, भूख कम लगना, उल्टी, त्वचा में खुजली, गहरे रंग का पेशाब, शरीर में दर्द इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हेपेटाइटिस बी व सी के बारे में भी बताया गया कि असुरक्षित इंजेक्शन, गोदना, कान-नाक छिदवाने में संक्रमित सूई और स्याही के उपयोग, संक्रमित यौन संबंध और संक्रमित रक्त के संपर्क में आने से फैलता है। इससे बचाव के लिए इंजेक्शन और रेजर ब्लेड का एक ही बार उपयोग करें।

कृषि विभाग द्वारा नैनो डीएपी प्रदर्शन पद्धति का हो रहा आयोजन

खेतों में छिड़काव कर किसानों को दी जा रही जानकारी

रायगढ़, 29 जुलाई। कृषि विभाग द्वारा किसानों को नैनो डीएपी की प्रयोग विधि से अवगत कराने के लिए खेतों में नैनो डीएपी छिड़काव का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रायगढ़ विकासखंड के ग्राम-बनसिया में कृषक श्री कुंजबिहारी चौधरी के धान के खेतो में नैनो डीएपी का प्रदर्शन कराया गया और किसानों उपयोग का तरीका बताया गया।

इस दौरान उप संचालक कृषि श्री अनिल वर्मा, व.कृ.वि.अ. श्री अभिषेक पटेल, ग्रा.कृ.वि.अ. श्री मनोज कुमार साव एवं दयाशंकर नायक, प्रतिनिधि इक्को कंपनी, भूपेन्द्र पाटीदार, ड्रोन पायलेट, आकाश गुप्ता, कृषक जयनाथ पटेल, ग्राम बनसियां एवं आसपास के आये कृषकगण उपस्थित रहे। वहां उपस्थित कृषकगणों से नैनो डी.ए.पी. (तरल) की उपयोगिता, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में किसानो को बताया गया तथा समस्याओं का तत्काल निराकरण हेतु संबंधितो को उप संचालक कृषि के द्वारा निर्देशित किया गया।

ये है नैनो डीएपी उपयोग की विधि

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नैनो डी.ए.पी तरल में 8 प्रतिशत नाईट्रोजन तथा 16 प्रतिशत फास्फोरस निहित है नैनो डी.ए.पी. (तरल) से बीज/जड़/ कन्द उपचार करने के बाद फसल की कांतिक अवस्थाओं पर आवश्यकता अनुसार एक/दो पर्णिय छिड़काव करने से परंपरागत डी.ए.पी. के प्रयोग में 50 मि.ली. तक की कटौती की जा सकती है। नैनो डी.ए.पी. (तरल) का प्रयोग बीजोपचार हेतु 5 मि.ली. प्रति किलो बीज 20-30 मिनट तक, जड़ो/कंदो में 50 मि.ली. मात्रा 10 लिटर पानी में घोलकर 15-20 मिनट तक डुबाकर तथा पर्णिय छिड़काव 30-35 दिन की अवस्था में 4 मि.ली.नैनो डी.ए.पी.(तरल) प्रति लीटर पानी में घोलकर वानष्पतिक/कांतिक अवस्था एवं फूल आने के समय छिड़काव कर सकते है।

विश्व हेपेटाईटिस दिवस के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम हुए आयोजित

अम्बिकापुर, 28 जुलाई । विश्व हेपेटाईटिस दिवस 28 जुलाई 2025 के अवसर पर जिले में सभी विकासखण्डों में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में इस वर्ष हेपेटाइटिस बी के 47560 एवं हेपेटाइटिस सी के 42930 लोगों का जांच किया गया। जिसमें से हेपेटाइटिस बी के 169 पॉजिटिव, हेपेटाइटिस सी के 122 पॉजिटिव लोगों का इलाज किया गया। इस वर्ष स्वास्थ्य कर्मचारियों को हेपेटाइटिस के 186 टीके लगाए गए हैं। वहीं हेपेटाइटिस से ग्रसित 11 गर्भवती माताओं का इलाज किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.एस.मार्को ने बताया कि प्रतिवर्ष 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को लिवर से जुड़ी इस खतरनाक बीमारी के बारे में जागरूक करना है। हेपेटाइटिस साइलेंट किलर की तरह काम करता है जो अक्सर बिना लक्षण शरीर के भीतर गंभीर नुकसान पहुंचा देता है। नोडल अधिकारी डॉ शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस का थीम इसका उद्देश्य हेपेटाइटिस से जुड़े भ्रम और रुकावटों को तोड़ना है, ताकि सभी को ईलाज, टेस्ट और टीकाकरण तक आसानी से पहुंच मिल सके।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

रायगढ़, 29 जुलाई। जिला कलेक्टर चेंबर-प्रतीक्षा कक्ष में आज जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याएं, मांगें और शिकायतें गंभीरतापूर्वक सुनीं और उनका नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में ग्राम कोतरा की श्रीमती पारनो खलखो ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होने के बावजूद उन्हें अब तक राशन कार्ड का लाभ नहीं मिल सका है। इस पर अपर कलेक्टर ने मामले को प्राथमिकता में लेते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।ग्राम सेंदरीपाली के श्री खगपती पटेल ने जनदर्शन में पहुंचकर ट्रैक्टर दुर्घटना में मृत अपने पुत्र के मुआवजे की लंबित राशि शीघ्र दिलवाने की मांग की। ग्राम कौवाताल के सरपंच एवं ग्रामीणों ने गांव में विद्युत संबंधी समस्या बताई और नियमित बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग की। वहीं ग्राम चीतापाली के ग्रामीणों ने मनरेगा कार्यों में अनियमितता की शिकायत करते हुए जांच की मांग रखी। ग्राम गुडु के ग्रामीणों ने शासन की विभिन्न योजनान्तर्गत राशि वसूली की शिकायत करते हुए संबंधित हल्का पटवारी के स्थानांतरण की मांग

सांपों के पर्यावरणीय महत्व और सर्पदंश से बचाव पर जनजागरूकता बैठक

अम्बिकापुर, 29 जुलाई। कलेक्टर श्री विलास भोसकर की अध्यक्षता में पर्यावरण और वन्यजीव सुरक्षा को लेकर आज अम्बिकापुर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्प मित्र श्री सत्यम द्विवेदी ने सांपों के महत्व, उनकी भूमिका और ज़हरीले सांपों की पहचान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

द्विवेदी ने बताया कि सांप इकोलॉजी तंत्र में संतुलन बनाए रखने वाले अत्यंत आवश्यक जीव हैं। ये छोटे-छोटे जानवर जैसे चूहे, मेंढक, छिपकली और अन्य कीड़ों को खाते हैं, जिससे उनकी संख्या नियंत्रित रहती है। अगर सांप नहीं हों, तो ये जीव बहुत ज़्यादा बढ़ सकते हैं और फसलें भी बर्बाद हो सकती हैं। इसलिए, सर्प किसानमित्र भी माने जाते हैं। सर्प मित्र सत्यम द्विवेदी ने बताया कि विशेष रूप से सरगुजा में पाए जाने वाले चार सबसे विषैले सांप है जिसमें स्पेकटल कोबरादृ वैज्ञानिक नाम नाजा नाजा है। यह सांप अपने फैले हुए फन के लिए पहचाना जाता है। इसका ज़हर न्यूरोटॉक्सिक होता है जो सीधे तंत्रिका तंत्र पर असर डालता है, जिससे लकवा और श्वास में कठिनाई हो सकती है।कॉमन करेट ृवैज्ञानिक नाम बंगारस कैर्यूलस। यह रात में सक्रिय रहता है। इसका ज़हर भी न्यूरोटॉक्सिक होता है और इसका असर धीरे-धीरे होता है, जिससे व्यक्ति को नींद में ही लकवा हो सकता है। वैज्ञानिक नाम दबोइया रसेली है। यह सबसे अधिक पाए जाने वाला विषैला सांप है। इसका ज़हर हीमोटॉक्सिक होता है जो रक्तस्राव, ऊतक क्षति और अंग विफलता का कारण बन सकता है।

वैज्ञानिक नाम इचीस कैरिनेटस है। यह आकार में छोटा लेकिन अत्यंत आक्रामक होता है। इसका ज़हर भी हीमोटॉक्सिक होता है और इसके काटने से मृत्यु दर अधिक होती है। द्विवेदी ने बताया कि इन सभी सांपों के काटने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सांपों से डरने की बजाय, उनके बारे में सही जानकारी रखना ज़रूरी है। यदि कहीं सांप दिखाई दे ।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

अम्बिकापुर, 29 जुलाई। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के आयोजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर श्री विलास भोसकर द्वारा साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभागवार आयोजन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं पिछले 25 वर्षों में विभागों द्वारा किए गए कार्यों को समाहित करते हुए साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई।

कलेक्टर श्री भोसकर ने निर्देशित किया कि जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना शीघ्र तैयार की जाए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय से मिशन मोड में कार्य करते हुए समयबद्ध रूप से तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रजत जयंती वर्ष 15 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 का आयोजित की जाएगी जिसमें शासन की उपलब्धियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा, अतः हर विभाग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही आगामी स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2025) के मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियों की जानकारी ली। यह मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड, पुलिस लाइन, अंबिकापुर में आयोजित होगा।उन्होंने परेड ग्राउंड की तैयारी, मंच, माइक, पोडियम, पुष्पगुच्छ, गुब्बारे, झंडारोहण, सफेद जिप्सी, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन दल, आमंत्रण पत्र, मंच संचालन, मुख्य अतिथियों का स्वागत, पंडाल, कुर्सियों, पार्किंग, शहीद परिवारों का सम्मान, सजावट, प्रकाश व्यवस्था, सफाई तथा परेड रिहर्सल सहित समस्त व्यवस्थाओं को समयपूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री राम सिंह ठाकुर, श्री अमृत लाल ध्रुव, नगर निगम आयुक्त श्री डी.एन. कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लो, समस्त एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बिना वैध फार्मेसी लाइसेंस के संचालित दवा दुकानों पर करें कार्रवाई: कलेक्टर

रायगढ़, 29 जुलाई। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने समय-सीमा की बैठक में सभी निर्माण एजेंसीज से कहा कि स्वीकृत कार्यों के लिए टेंडर की प्रक्रिया बारिश समाप्ति के पूर्व कर ली जाए। जिससे बरसात रुकने के तत्काल बाद निर्माण कार्यों को प्रारंभ कराया जा सके। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने ड्रग इंस्पेक्टर्स को दवा दुकानों की नियमित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने बिना फार्मेसी क्वालिफिकेशन के दवा दुकानों के संचालन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वृद्धा पेंशन सहित अन्य पेंशन प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी सीईओ और सीएमओ देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।वय वंदना योजना अंतर्गत पिछले एक हफ्ते की प्रगति को नाकाफी बताते हुए कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने दूर-दराज के इलाकों में स्वास्थ्य अमले को 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों से संपर्क करते हुए योजना के तहत हितग्राहियों के कार्ड बनाने के निर्देश दिए। सिकल सेल स्क्रीनिंग का कार्य भी पूर्ण करने और लेप्रोसी और मलेरिया के लिए भी लगातार जांच अभियान चलाने के लिए कहा। हाइपर टेंशन और शुगर के चिन्हित मरीजों नियमित फॉलोअप और उपचार के बारे में जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे मरीजों की लगातार मॉनिटरिंग करें और उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराया जाए।

कार्यस्थलों पर महिला सुरक्षा को लेकर शासन ने जारी किया निर्देश

अम्बिकापुर, 29 जुलाई। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 की धारा 4 (1) के तहत जिले में संचालित सभी विभाग शासकीय एवं गैरशासकीय कार्यालयों/संगठन, उपक्रम, प्रतिष्ठान, उद्यम, संस्थान, कार्यालय, शाखा अथवा इकाई जो प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से सरकार/स्थानीय प्राधिकरण/सरकारी कम्पनी/निगम/सहकारी सोसाइटी द्वारा प्रदत्त निधियों द्वारा स्थापित, स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन अथवा वित पोषित हो। निजी क्षेत्र का संगठन, उपक्रम, संस्थान, प्रतिष्ठान, सोसाइटी, न्यास, गैर-शासकीय संगठन, ईकाई अथवा सेवा प्रदाता जो वाणिज्यिक, व्यावसायिक, शैक्षिक, मनोरंजन, अद्यौगिक, स्वास्थ्य सेवाएं अथवा वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो। जिसमें उत्पादन, आपूर्ति, विक्रय, वितरण, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम, खेलकूद का संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, प्रतियोगिता अथवा खेल का स्थान, उन सभी उद्यमों (छोटे बड़े सभी उद्यम/उद्योग विभाग से पंजीकृत होते है) आदि निजी क्षेत्र जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं ऐसे सभी कार्यस्थल पर महिलाओं की लैंगिक उत्पीड़न के रोकथाम हेतु आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है।उन्होंने बताया कि आंतरिक शिकायत समिति में 01 पीठासीन अधिकारी (अध्यक्ष), 02 सदस्य जिन्हें समाज सुधार का अनुभव हो या विधिक ज्ञान हो तथा 01 सदस्य गैर सरकारी संगठनों/संगमों (एन.जी.ओ.) से जो महिलाओं की समस्याओं के प्रति प्रतिबद्ध हो।

बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए अच्छा अवसर

गौरेला पेंड्रा मरवाही, 29 जुलाई। जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए अच्छा अवसर है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र टीकरकला गौरेला के सहयोग से तकनीकी एवं बैंकिंग क्षेत्र में 230 विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु 30 जुलाई को प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। दसवीं, बारहवीं, एवं ग्रेजुएट उत्तीर्ण युवक अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं सभी शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची-प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं छाया प्रति के साथ कैंप में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र टीकरकला गौरेला से संपर्क भी कर सकते हैं। कैंप में वेदांता स्किल स्कूल बालको नगर कोरबा द्वारा फिटर, इलेक्ट्रिशियन, होटल मैनेजमेंट एवं मोबाइल रिपेयरिंग में प्रशिक्षण के बाद नियोजन हेतु 160 पदों पर, मैनेजर एक्सिस बैंक के 20 पद एवं असिस्टेंट मैनेजर एचडीएफसी बैंक के 20 पदों पर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी।

जीवन भर पानी के लिए संघर्ष करने वाली रेखा साहू के घर पहुंचा शुद्ध पेयजल

रायपुर, 29 जुलाई । जीवन के लगभग 50 वर्षों तक पानी को लेकर काफी संघर्ष करने वाली तथा लंबी दूरी तय कर कुएं एवं हैंडपंप से घर तक पेयजल के लिए पानी लाने वाली श्रीमती रेखा देवी साहू को अब जल जीवन मिशन के माध्यम से घर में ही शुद्ध पेयजल की सुविधा मिली है। रेखा देवी जैसे लोग ही घर तक शुद्ध पानी के पहुंचने के महत्व को समझ सकते हैं।दो बेटे-बहू और बेटी से भरा पूरा परिवार की मुखिया मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंडरीतराई की निवासी श्रीमती रेखा देवी साहू कहती है कि जीवन में बिना पानी के रोजमर्रा का कोई भी काम संभव नहीं हैं। उन्होंने अपने जीवन का एक लंबा समय पानी के समस्याओं के बीच बिताया हैं, लेकिन आज जल जीवन मिशन के तहत घर में पेयजल पहुंचने से वह बहुत खुश हैं।श्रीमती साहू घर में किराना दुकान का संचालन करती हैं, तथा जीवन यापन के लिए खेती किसानी भी हैं। लेकिन पानी के महत्व को लेकर उनका नजरिया कुछ और ही है। पेयजल समस्या दूर होने के बाद भी पानी की उपयोगिता के प्रति उनकी सोच बेहद साफ है। वह अपने बहु-बेटियों को समझाते हुए कहती है पानी अमूल्य है, इसे अधिक व्यर्थ न करें।

ऐश्वर्या की शिक्षा की राह अब होगी और आसान

रायपुर, 29 जुलाई। संकल्प, समर्पण और सहयोग जब एक साथ मिलते हैं, तो किसी की ज़िंदगी बदल सकती है। ऐसा ही प्रेरणादायक उदाहरण आज धमतरी में देखने को मिला, जब एक ग़रीब लेकिन प्रतिभाशाली छात्रा ऐश्वर्या गंगबेर को उसकी पढ़ाई की निरंतरता बनाए रखने के लिए एक लैपटॉप प्रदान किया गया। ऐश्वर्या गंगबेर एक ग़रीब परिवार से हैं, लेकिन कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना लक्ष्य बना रखा है। वर्तमान में वह रुद्री स्थित भोपालराव पवार पॉलिटेक्निक कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। ऐश्वर्या के पिता मूर्ति बनाने का काम करते हैं। किसी तरह अपनी बेटी की पढ़ाई का खर्च उठा रहे हैं। परंतु, तकनीकी शिक्षा के इस दौर में लैपटॉप जैसे आवश्यक संसाधन की कमी ऐश्वर्या की पढ़ाई में बाधा बन रही थी।जब यह बात जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर के संज्ञान में आई, तो उन्होंने छात्रा की मदद के लिए तत्परता दिखाई। 'साथी समूह' के माध्यम से

समाजसेवियों ने छात्रा की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया। आज सोमवार को कलेक्टर की उपस्थिति में साथी समूह के सक्रिय सदस्य श्री आकाश कटारिया, श्री अंकित लाठ एवं श्री निश्चल बोहरा के सहयोग से ऐश्वर्या को एक नया लैपटॉप प्रदान किया गया। यह केवल एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं, बल्कि ऐश्वर्या के सपनों को उड़ान देने का माध्यम बन गया है।यह पहल केवल एक छात्रा की मदद भर नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सहयोग, मानवीय संवेदना और शिक्षा के प्रति हमारे दायित्व का जीता-जागता उदाहरण है। ऐसे सामाजिक प्रयास से हर प्रतिभा को उसका हक मिल सकता है।' इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि ऐसे होनहार बच्चों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन की नहीं, बल्कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति की भी है। उन्होंने कहा कि ''प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बस सही समय पर थोड़ा सहारा मिलने से बड़ी उड़ान भर सकती है।साथी समूह के सदस्यों ने भी आश्वस्त किया कि भविष्य में भी वे जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। ऐश्वर्या और उसके परिवार ने इस सहयोग के लिए कलेक्टर एवं सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

पुलिस ने मनोज को निगरानीशुदा बदमाश की सूची में डाला

दुर्ग, 29 जुलाई। दुर्ग पुलिस ने मनोज राजपूत को मोहन नगर थाना के निगरानी बदमाश की लिस्ट में डाल दिया है। छत्तीसगढ़ी अभिनेता के खिलाफ 16 साल पहले वर्ष 2009 में प्रकरण दर्ज हुआ। ताजा मामला सुपेला थाना में दर्ज हुआ जिसमें उसके रिश्तेदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मनोज राजपूत ने अपना आपराधिक रिकार्ड छुपाकर पार्सपोर्ट बनवाया था पुलिस ने बताया कि मनोज राजपूत के खिलाफ मोहन नगर थाने में 11 प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा एक प्रकरण भिलाई तीन जीआरपी थाने और एक सुपेला थाना में दर्ज हुआ है इसके चलते उसे मोहन नगर थाना के निगरानी बदमाश की लिस्ट में डाला गया है। मोहन नगर थाने में दर्ज प्रकरणों में से 10 में कोर्ट में पेश कर दिया है ताजा मामला सुपेला थाने में जगतपाल सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मनोज राजपूत ने अपने पासपोर्ट के लिए आवेदन देते समय मोहन नगर थाने में दर्ज उसके प्रकरणों की जानकारी छुपाई थी वहीं मामले में मनोज के मुताबिक इस मामले में उसे कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है।

12. 50 लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 29 जुलाई। भिलाई सीबीआई एवं क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट के नाम पर महिला को 12. 50 लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों को भिलाईनगर पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि फर्जी कॉल सेंटर में आधुनिक मशीन कॉल कन्वर्टर के माध्यम से आरोपी ठगी की घटना को अंजाम देते रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों का 1 दिन के लिए पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ कर रही है एएसपी सुखनंदन राठौर ने पत्रवार्ता में बताया कि प्रार्थिया श्रीमती शोभा झा निवासी सेक्टर - 7 ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 1 जुलाई को अज्ञात नंबर से कॉल आया और अपने आप को सीबीआई और क्राइम ब्रांच कोलावा का अधिकारी बताकर धमकी दी कि आप किसी बड़े अपराध में संलिप्त है। आपके द्वारा भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि पुलिस की टीम की दबिश में आरोपी फैजल ने बताया कि

फतेहपुर (उ.प्र.) स्थित किराये के मकान में कॉल कन्वर्टर मशीन एवं आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से एक समब में लगभग 90 से 100 सिम का उपयोग कर उक्त फॉल को बेचना/फॉरवर्ड करने का कार्य किया जाता था। संबंधित सॉफ्टवेयर आरोपी की पहचान को लूपाने के उपयोग में आता है इसमें तकनीकी विवेचना जटिल हो जाती है तकनीकी टीम ने विश्लेषण उपरांत आरोपियों को चिन्हांकित कर घेराबंदी कर पकड़ा आरोपियों के कब्जे से 3 नग कॉल कन्वर्टर मशीन, लैपटॉप, 105 सिम 05 मोवाइल जब्त किया गया किराए के मकान में चल रहा था ठगी का खेल सेक्टर 07 स्थित आवास पर ही डिजिटल अरेस्ट कर रखा एवं जेल भेजने की धमकी दी। इससे डर कर प्रार्थिया ने अपने जमा पूंजी एवं अपने गहनों को मुथूट फायनेंस में गिरवी रखकर अपने पेंशन खाते में रकम एकत्र किया। इसके बाद आरोपियों के बताये गये बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से 12 लाख 50 हजार रुपए ट्रांसफर कराया। साथ ही ट्रांसफर रकम प्रार्थिया की जांच उपरांत वापस करने का झांसा दिया भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि मामले की गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर मामले की जांच साइबर टीम को सौंपी गई टीम ने आवेदिका से घटना के संबंध में पूछताछ कर घटना में उपयोग मोबाइल नंबर बैंक खातों की जानकारी लेकरतकनीकी विश्लेषण किया। तकनीकी जांच में फतेहपुर (उत्तरप्रदेश) में फर्जी सिम की बिक्री उपरांत उसका उपयोग संदिग्ध गतिविधि ठगी में उपयोग होना पाया गया। पता चला कि अनस खान पता सिविल लाइन फतेहपुर (उ.प्र.) ने सिम कलेक्ट कर आरोपी शहबाज उर्फ मो. फैजल अहमद निवासी मवाना मेरठ (उ.प्र.) को उपलब्ध कराना पाया गया जांच में साइबर टीम ने दोनों आरोपियों का डिटेल खंगाल डाला

जिले में 760.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़, 29 जुलाई। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 28 जुलाई तक 760.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 852.6 मिली मीटर, पुसौर में 795, खरसिया में 690.9, घरघोड़ा में 813.7, तमनार में 544, लैलूंगा में 686.4, मुकडेगा में 949.5, धरमजयगढ़ में 678.4, छाल में 697.7 एवं कापू में 893.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

एक नजर

फिनलैंड के महेश तांबे का टी-20 में वर्ल्ड-रिकॉर्ड : 8 बॉल में 5 विकेट लिए

फिनलैंड, 29 जुलाई (एजेंसी)। फिनलैंड के महेश तांबे ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में

सबसे कम बॉल में 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। ताबें ने एस्टोनिया के खिलाफमैच में 8 गेंदों में 5 बैटर्स को पवेलियन भेजा। इससे पहले यह रिकॉर्ड बहरीन के जुनैद अजीज के नाम था, जिन्होंने 2022 में जर्मनी के खिलाफकेवल 10 गेंदों में 5 विकेट लिए थे। तांबे ने यह उपलब्धि रविवार को फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में हासिल की। इस मैच में फिनलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए एस्टोनिया को 19.4 ओवर में 141 रनों पर समेट दिया। एक समय एस्टोनिया ने 2 विकेट पर 104 रन बना लिए थे और बड़ा स्कोर बनता दिख रहा था, लेकिन महेश तांबे ने शानदार गेंदबाजी से उनकी पारी को तहस-नहस कर दिया। तांबे ने स्टेफन गूच, साहिल चौहान, मुहम्मद उस्मान, रुपम बरुआ और प्रणय गीवाला के विकेट चटकाए। तांबे ने इन पांच बल्लेबाजों को मात्र 1.2 ओवर (8 गेंदों) में आउट किया। उन्होंने 2 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए।

तेंदुलकर एंडरसन ट्रॉफी

ओवल स्टेडियम में 2 टेस्ट जीता है भारत

यहां आखिरी मैच, जीते तो सीरीज बराबर; शुभमन 3 बड़े रिकॉर्ड्स के करीब



पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने 37 प्रतिशत मैच जीते

द ओवल में अब तक 107 टेस्ट हुए। 37त्न में यानी 40 मुकाबलों में पहले बैटिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। वहीं 30 मैच पहले बॉलिंग करने वाली टीमों के नाम रहे। यहां 37 मैच ड्रॉ रहे। 2011 के बाद से द ओवल में 14 टेस्ट हुए, जिनमें महज 1 मुकाबला ड्रॉ रहा। 8 में पहले बैटिंग और 5 में पहले बॉलिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। ऐसे में टीमें टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुन सकती हैं।

मैनचेस्टर, 29 जुलाई (एजेंसी)। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से खेला जाएगा। मुकाबला लंदन के द ओवल स्टेडियम में होगा, जिसके लिए दोनों ही टीमें लंदन पहुंच चुकी हैं। भारत ने यहां 15 टेस्ट खेले और महज 2 जीते। हालांकि, पिछली जीत 2021 में ही मिली थी।

भारत ने द ओवल टेस्ट जीत लिया तो टीम सीरीज को 2-2 से बराबर कर लेगी। वहीं मुकाबला ड्रॉ हुआ या इंग्लैंड जीती तो सीरीज भी होम टीम के नाम हो जाएगी। पांचवें टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के पास 3 बड़े रिकॉर्ड्स बनाने का मौका भी है।

ओवल में भारत ने 2 टेस्ट जीते : लंदन के द ओवल स्टेडियम में भारत ने 1936 में पहला टेस्ट खेला था, तब टीम को 9 विकेट से हार मिली थी। टीम को इस मैदान पर पहला टेस्ट जीतने में 35 साल लग गए। भारत ने 1971 में अजीत वाडेकर की कप्तानी में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था।

डब्ल्यूटीसी फाइनल भी यहीं गंवाया था : भारत ने द ओवल में आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफखेला था। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल था, जिसमें भारत को 209 रन से हार का सामना करना पड़ा था। रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की टीम अनाउंस होने से पहले ही इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया।

ओवल स्टेडियम में 43 प्रतिशत टेस्ट जीता है इंग्लैंड : इंग्लैंड ने द ओवल स्टेडियम में 106 टेस्ट खेले। 45 में टीम को जीत और महज 24 में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान 37 मुकाबले ड्रॉ भी रहे। हालांकि, इंग्लैंड यहां 52 रन पर ऑलआउट भी हो चुकी है। टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1948 में इस स्कोर पर आउट हुई थी। भारत के खिलाफ टीम 1971 में इस मैदान पर 101 पर सिमट चुकी है।

19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता

■ **वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला; भारत की ही हम्पी को फाइनल हराया**

बाटुमी, 29 जुलाई (एजेंसी)। 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का स्नढ्ढष्ठश्व महिला वर्ल्ड कप जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। टूर्नामेंट में दिव्या ने कई टॉप रैंक प्लेयर्स को हराया और फाइनल में जगह बनाई। हम्पी के खिलाफ फाइनल में दिव्या ने दोनों प्रमुख मुकाबले ड्रॉ खेले। जिसके बाद सोमवार को टाईब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी।

मैच के बाद हम्पी ने कहा कि 12वीं चाल के बाद उन्हें समझ नहीं आया कि अब क्या करना है।

विमेंस कैंडिडेट्स के लिए क्वालिफाई किया

दिव्या ने वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ अगले साल के विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। वे इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली दूसरी ही भारतीय बनीं। कोनेरू हम्पी ने भी फाइनल में जगह बनाने के साथ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया।

हालांकि, 54वीं चाल में दिव्या ने जरूरी बढ़त हासिल कर ली। जिसके बाद हम्पी ने रिजाइन कर दिया और दिव्या को जीत मिली।

दिव्या को 42 लाख मिलेंगे : फीडे विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर दिव्या को लगभग 42 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं वर्ल्ड कप (ओपन सेक्शन) के विजेता को लगभग 91 लाख मिलते हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने 5-0 से क्लीन स्वीप किया, ग्रीन-डेविड-ओवेन की तिकड़ी ने दिलाई जीत

वेस्टइंडीज को पांचवें टी-20 में 3 विकेट से हराया

बासेटेरे, 29 जुलाई (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें टी-20 में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। बासेटेरे में खेले गए पांचवें और अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टिम डेविड, मिशेल ओवेन और कैमरन ग्रीन की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जीत हासिल की।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 170 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 16 ओवर में 7 विकेट खोकर 173 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

वेस्टइंडीज की खराब शुरुआत: टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। 14 रन पर सलामी बल्लेबाज शाई होप आउट हो गए। इसके बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग 22 रन पर पवेलियन लौटे। पावरप्ले में वेस्टइंडीज ने 3 विकेट खोकर 49 रन बनाए। 10 ओवर (ड्रिंक्स) तक स्कोर 4 विकेट पर 84 रन था।

हेटमायर की साझेदारियों ने स्कोर को 150 के पार पहुंचाया: शिमरन हेटमायर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तीन महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं। उन्होंने पहले शेरफेन रदरफोर्ड के साथ चौथे विकेट के लिए 18 गेंदों में 32 रन जोड़े। इसके बाद जेसन होल्डर के साथ पांचवें विकेट के लिए 30 गेंदों में 47 रन और सातवें विकेट के लिए 15 गेंदों में 32 रन की साझेदारी की। इन साझेदारियों की बदौलत वेस्टइंडीज का स्कोर 170 तक पहुंचा। हेटमायर ने 31 गेंदों में 52 रन, रदरफोर्ड ने 18 गेंदों में 35 रन और होल्डर ने 15 गेंदों में 20 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी रही खराब: 171 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। 12 रन पर सलामी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल आउट हुए। जोश इंग्लिस 23 रन पर और मिशेल मार्श 25 रन पर पवेलियन लौटे। पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट खोकर 67 रन बनाए।

कैमरन ग्रीन ने संभाली पारी: कैमरन ग्रीन ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला और टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। उन्होंने टिम डेविड के साथ चौथे विकेट के लिए 14 गेंदों में 35 रन और मिशेल ओवेन के साथ पांचवें विकेट के लिए 29 गेंदों में 63 रन की साझेदारी की। ग्रीन ने 18 गेंदों में 32 रन, डेविड ने 12 गेंदों में 30 रन और ओवेन ने 17 गेंदों में 37 रन बनाए।

वेस्टइंडीज की ओर से अकील होसैन ने 4 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट लिए। जेसन होल्डर ने 3 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट और अल्जारी जोसेफने 2.1 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

स्पेन से वर्ल्ड कप की हार का बदला लेने उतरेगी इंग्लैंड

नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। महिला यूरो कप 2025 का फाइनल स्पेन और इंग्लैंड के बीच 27 जुलाई यानी आज खेला जाएगा। बता दें कि स्पेन ने सेमीफाइनल में जर्मनी तो इंग्लैड ने इटली को हराया था। अब स्विट्जरलैंड के बासिल के सेंट-जैकब पार्क में दोनों टीमों के बीच हमे खिताबी मुकाबले में कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। दोनों टीमें इससे पहले भी महिला फीफा वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भिड़ चुकी हैं। बता दें कि स्पेन की टीम पहली बार महिला यूरो कप के फाइनल में पहुंची है। इस प्रतियोगिता में अब तक स्पेनिश टीम एक भी मैच नहीं हारी है जबकि इंग्लैंड को ग्रुप स्टेज के अपने पहले मैच में फ्रांस से हार का सामना करना पड़ा था। महिला फीफा वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल भी स्पेन और इंग्लैंड के बीच हुआ था। इस मुकाबले में स्पेन ने बाजी मारी थी। स्पेन ने इंग्लैंड को 1-0 से हरा दिया था। अब इंग्लैंड अपनी उस हार का बदला यूरो कप के फाइनल में लेना चाहेगी। दूसरी ओर, स्पेन यूरो कप का फाइनल जीतकर एक और इंटरनेशनल ट्रॉफी जीतना चाहेगी।

सौरव गांगुली बोले- खेल जरूरी, लेकिन आतंक नहीं

नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली ने कहा, खेल चलते रहना चाहिए। लेकिन पहलगाम जैसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। टूर्नामेंट का आयोजन 9 से 28 सितंबर के बीच यूएई में होने वाला है। भारत-पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही काफी चर्चा में भी हैं। इस बार भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही ग्रुप में रखा गया है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच कई बार आमना-सामना हो सकता है।

आतंकवाद रुकना चाहिए- गांगुली

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर अपनी राय दी। उन्होंने कहा, मैं ठीक हूं। खेल चलते रहना चाहिए। लेकिन पहलगाम जैसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। आतंकवाद रुकना चाहिए। भारत ने आतंक के खिलाफ हमेशा सख्त रुख अपनाया है... लेकिन खेल होना चाहिए। गांगुली का यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत की पाकिस्तान के साथ खेलने को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

दानिश कनेरिया की टिप्पणी से बढ़ा विवाद

इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी दानिश कनेरिया ने भारत पर सवाल उठाया था कि जब भारत ने जुलाई में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान के खिलाफ मैच देशभक्ति के कारण नहीं खेला, तो अब एशिया कप में कैसे खेलेगा?

टी-20 फॉर्मेट में होगा टूर्नामेंट

इस बार एशिया कप टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। यह 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी के तौर पर भी देखा जा रहा है।

व्यापार

'नोट छापने की मशीन' है अरबी की खेती, बाजार में है भारी डिमांड

नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। किसान अब नकदी फसलों की खेती से अच्छी कमाई कर रहे हैं. किसान सब्जियां, फल और फूल की खेती कर रहे हैं. एक ऐसी सब्जी है जिसकी खेती के लिए न तो ज्यादा पानी की जरूरत है, और न ही किसी खास तरीके की. पारंपरिक तरीके से भी इसकी खेती करके किसान आसानी से लाखों का मुनाफा कमा सकते हैं. खास बात ये है कि बाजार में इसकी मांग हमेशा रहती है. हम बात कर रहे हैं अरबी की. इसकी खेती से किसान कम समय में बंपर कमाई कर सकते हैं.

अरबी की खेती की जानकारी

» अरबी की खेती के लिए किस तरह की जलवायु और तापमान की जरूत होती है?
- इस फसल के लिए गर्म औरननम जलवायु की जरूती होती है. 21 से 27 डिग्री सेल्सियस तापमान बेहतर होता है.

» अरबी की खेती के लिए मिट्टी कैसी होनी चाहिए?
- अरबी की खेती के लिए उपजाऊ और अच्छे जल निकास वाली मिट्टी की जरूरती होती है. घटिया निकास वाली मिट्टी में इसकी खेती से बचना चाहिए.

» अरबी की बुवाई का सही समय क्या है?
- अरबी की खेती खरीफ और रबी दोनों मौसम में की जाती है.

» अरबी की बुवाई कैसे की जाती है?
- अरबी की बुवाई कंद से की जाती है. प्रति हेक्टेयर में 8-9 क्विंटल कंद की जरूरत होती है.

» अरबी की कुछ उन्नत किस्में कौन-कौन सी हैं?
- पंचमुखी, सफेद गौरिया, सहस्रमुखी और सी-9 सलेक्शन. इसके अलावा इंदिरा अरबी-1 और नरेंद्र अरबी-1 भी अच्छे उत्पादन वाली किस्में हैं.

बाजार में है डिमांड : आज कल बाजार में अरबी की डिमांड बहुत बढ़ रही है. इसमें काफी पौष्टिक गुण मौजूद होते हैं, इसमें विटामिन ,क्र ष्ट, कैल्शियम, पोटेशियम और एंटी-ऑक्सिडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है. इसलिए लोग आज कल इसे ज्यादा खरीद कर खाने लगे हैं.

रेट भी अच्छा: बाजार में इसकी मांग ज्यादा होने के कारण इसका रेट भी अच्छा मिलता है. अरबी के साथ इशके पत्तों की लोग सब्जी के साथ बड़े चाव के साथ खाते हैं. यह पत्ते स्वादिष्ट के साथ-साथ पौष्टिक भी होते हैं. इन गुणों की होने की वजह से इसकी खेती करके आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते है.

प्रति एकड़ 1.5 लाख तक का मुनाफा: अरबी की खेती कम लागत में ज्यादा मुनाफा देने वाली है. गर्म और नम जलवायु में अच्छी उपज देने वाली इस फसल से किसान सिर्फ 5-6 महीनों में प्रति एकड़ 1.5 लाख रुपए तक का मुनाफा कमा सकते हैं. सही किस्म, समय पर सिंचाई से अरबी की पैदावार 80-100 क्विंटल प्रति एकड़ तक हो सकती है.

अरबी की रोग प्रतिरोधी किस्में: देश में अरबी के अनेक रोग प्रतिरोधी किस्में उपलब्ध है जैसे- जाखड़ी, टोपी और मुक्ताकेशी आदि. रोग प्रतिरोधी किस्मों में रोगग्राही किस्मों की तुलना में रोग की शुरुआत देर से होती है और उसका फैलाव भी अपेक्षाकृत धीमा होता है. जहां इस बीमारी का प्रकोप प्रति वर्ष होता है वहां मुक्ताकेशी आदि रोग प्रतिरोधी किस्मों को लगाना फायदेमंद होगा.

5 से 7 महीने के बाद खुदाई के लिए तैयार: अरबी की फसल 5 से 7 महीने के बाद खुदाई के लिए तैयार हो जाती है. वैसे तो 140 से 150 दिनों बाद कंदों की खुदाई कर बाजार में भेजा जा सकता है. बीज और भंडारण के लिए अरबी की खुदाई नवंबर-दिसंबर में कुदाल से किया जाता है. खुदाई के बाद कंदों की सफाई कर 2-3 दिनों तक छांव में पक्का फर्श पर सुखाकर हवादार स्टोरेज हाउस में स्टोर करें.

अरबी का इस्तेमाल

» अरबी के कंदों, डंठलों और पत्तियों को सब्जी बनाकर खाने में इस्तेमाल किया जाता है.
» इसके पत्तियों से स्वादिष्ठ पकौड़ा बनाया जाता है.
» अरबी के कंदो से आटा तैयार कर उससे सूप, बिस्कुट, रोटी आदि बनाने के काम में लाया जाता है.
» इसके स्टार्च को बच्चों के कई प्रकार के खाद्य सामाग्री बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है.

8 शेयरों पर दुनिया के बड़े ब्रोकरेज हाउस की धमाकेदार रिपोर्ट

नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। अगर आपने हाल ही में शेयर खरीदे हैं या खरीदने की सोच रहे हैं, तो ब्रोकरेज हाउसों की ताज़ा राय आपके लिए बेहद काम की है. कई कंपनियों के तिमाही नतीजे आ चुके हैं और उस पर ब्रोकर्स की रेटिंग भी सामने आई है. किसी स्टॉक को 'खरीदने' की सलाह दी गई है तो कहीं 'बेचने' की चेतावनी है. इस स्टोरी में हम आपको आसान भाषा में समझा रहे हैं कि कौन से शेयर में दम है, कहां सतर्क रहना चाहिए और किससे फिलहाल दूरी बनाना बेहतर होगा. कंपनी का तिमाही प्रदर्शन बेहतर और उम्मीद के मुताबिक रहा. रिपोर्ट आगे कहती हैं कि भारत और ब्राज़ील जैसे ब्रांडेड मार्केट्स में अच्छी ग्रोथ दिखी. जर्मनी में सप्लाई की थोड़ी दिक्कत आई थी.एडजस्टेड EBIT-DA मार्जिन 32.9त्न रहा – कंपनी कह रही है कि आने वाले समय में ये मिनिमम स्तर होगा.Citi मानता है कि मार्जिन और बढ़ सकता है क्योंकि ब्रांडेड बिजनेस में ऑपरेटिंग फायदा मिलेगा और अमेरिका में रिकवरी की उम्मीद है. अगर आपने ये शेयर लिया है, तो होल्ड रखें या और खरीद सकते हैं. कंपनी की ग्रोथ और मार्जिन अच्छे दिख रहे हैं.

United Spirits (UNSP) – होल्ड करो, टारगेट 1,238 का है. CLSA की रायः HOLD (रोक कर रखें) करने की सलाह है. प्रीमियम ब्रांड्स और Diageo के प्रोडक्ट्स तक अच्छी पहुंच है. हालांकि, सरकारी नीतियों के चलते निकट भविष्य में ग्रोथ धीमी रह सकती है. कंपनी महंगे वैल्यूएशन (54× PE) पर ट्रेड कर रही है. शेयर खरीदा है तो रखें, लेकिन नए निवेश से पहले वैल्यूएशन पर ध्यान दें.

Radico Khaitan – Outperform, टारगेट 3,098 का है. CLSA की रायः बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है. कंपनी वाइट स्पिरिट्स सेगमेंट में लीडर है. रिपोर्ट कहती हैं कि अब प्रीमियम और लग्ज़री सेगमेंट में भी विस्तार कर रही है. ब्रांड तो अच्छे बना रही है, लेकिन मुनाफा कभी-कभी डगमगाता है. CLSA को FY28 तक EBITDA मार्जिन में 265 ड्ढश्चह्य की बढ़ोतरी की उम्मीद है.

आज सोने के दाम में गिरावट, चांदी महंगी हुई



नई दिल्ली, 29 जुलाई (एजेंसी)। सोने के दाम में आज यानी 29 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 172 रुपए गिरकर 98,274 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,446 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 606 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,984 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

इस साल अब तक 22,112 महंगा हुआ सोना : इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,112 रुपए बढ़कर 98,274 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 27,573 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला- उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

// द्वितीय निविदा सूचना //

क्रमांक/आब./निविदा/2025/903 उ.ब. कांकेर, दिनांक 25/07/2025

सर्वसाधारण की विशेष जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि शासन के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर नगर पंचायत क्षेत्र में प्रीमियम रेंज की विदेशी मदिरा विक्रय हेतु एक प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान/भवन तथा कांकेर नगर पालिका क्षेत्र में प्रीमियम रेंज की विदेशी मदिरा विक्रय हेतु एक प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान/भवन उपयुक्त स्थल पर किराये पर लिये जाने हेतु पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है। इक्छुक निविदाकार, निविदा शर्तों के अधीन तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के बंद लिफाफे, एक बड़े लिफाफे में रख कर बंद लिफाफा दिनांक 04/08/2025 को दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-उ.ब.कांकेर में जमा कर सकेंगे। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी निविदा उसी दिन सायं 04:00 बजे निविदा मूल्यांकन हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जावेगा।

निविदा के नियम/शर्तों की जानकारी एवं निविदा प्रपत्र, जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी. एल. जिला-उ.ब. कांकेर के पक्ष में प्री.वि.म.दु.भानुप्रतापपुर एवं कांकेर दुकान/भवन किराये पर लेने हेतु पृथक-पृथक देय राशि रु 1180/- (अक्षरी एक हजार एक सौ अस्सी रू.) (जी.एस. टी.सहित) का बैंक ड्राफ्ट (किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी) जमा कर कार्यालयीन कार्यदिवस में कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-उ.ब. कांकेर से प्राप्त किया जा सकता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

जी- 252602405

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं JUGDHER RAM DEWANGAN S/O SUKURAM DEWANGAN निवासी मकान क्रमांक-46 AADKA CHHEPDA PARA WARD-2 KONDAGAON (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैं अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम JUGDHAR RAM DEWANGAN S/O SUKURAM DEWANGAN रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्थशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम JUGDHAR RAM DEWANGAN S/O SUKURAM DEWANGAN से ही जाना व पहचाना जाए।

JUGDHAR RAM DEWANGAN S/O SUKURAM DEWANGAN, HNO -46 AADKA CHHEPDA PARA WARD-2 KONDAGAON (C.G.)

MUNICIPAL CORPOTRATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice
Main Portal : htteproc.cgstate.gov.in

(1nd Call)

NIT NO. 32/ZONE 07/2025 **Raipur Dated 28.07.2025**

Online bids are invited for the following works up to 18.08.2025 at 17.30 hours.

Sr. No.	System Tender	Name of work/ Description of Work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	172786	संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 में शहरी आजीविका विकास/सूपा हेतु आवश्यक व्यवस्था/आजीविका मूल्य के कार्य हेतु आवश्यक उपकरण की व्यवस्था अंतर्गत एवं पीकू एवं सिलाई मशीन प्रदाय कार्य	10.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov. infrom 28.07.2025, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may p(ST) visit the above-mentioned portatNIT Details and other documents.

NOTE:
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSONER
ZONE 07
MUNICIPAL CORPOTARITON
RAIPUR (C.G.)

कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा), जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

निविदा क्रमांक/1369/आ.वि./निर्माण/2025-26 कांकेर, दिनांक 25/07/2025

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
(द्वितीय सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नांकित कार्य के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत 'D' श्रेणी एवं इसमें ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह (वर्षा काल सहित) होगी।

1. ई निविदा प्रारंभ तिथि - 25.07.2025
2. ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 08.08.2025
3. निविदा प्रपत्र अमानत राशि (एफ.डी.आर.) प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 13.08.2025
4. निविदा खोलने की तिथि - 14.08.2025

क्रमांक	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम/स्थान का नाम	निविदा की राशि (लाख में)	अमानत राशि (रूपये में)
1	2	3	4	6
1	172683	एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नरहरपुर, जिला कांकेर में ऑल वेदर एप्रोच रोड निर्माण कार्य	72.00	54000
2	172684	आदवासी बालक आश्रम पानीडोबीर में मरम्मत/जीर्णोद्धार कार्य	19.99	15000
3	172685	प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास बरबसपुर में मरम्मत/जीर्णोद्धार कार्य	19.50	14700

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट - https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, कांकेर

जी-252602418/4

एक नजर

टाटा एस वाहन में रखे रुपयों से भरा बैग पार

रायपुर, 29 जुलाई। टाटा एस वाहन में रखे रूपयों से भरे बैग को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार दीवान 42 वर्ष ग्राम कुरूद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने टाटा एस क्रमांक सीजी 04 एलबी 6490 के कंडक्टर सीट में एक बैग रखा था, जिसमें 2 लाख 70 हजार रुपए था। जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 17 लाख की ठगी

रायपुर, 29 जुलाई । शेयर मार्केट में अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 17 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूरज कुमार घोष 42 वर्ष आदर्श नगर मठपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के पास अज्ञात मोबाइल नंबर 84015-20396 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर अपने एकाउंट में 17 लाख 5 हजार रुपए जमा करवा लिया। जब प्रार्थी को ठगे जाने से एहसास हुआ, तो उसने इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े 20 लाख की धोखाधड़ी

रायपुर, 29 जुलाई। छात्रावास अधीक्षक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 20 लाख 50 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जनक कुमार साहू 27 वर्ष भाटागांव पुरानी बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी डेविड तिग्गा 51 वर्ष ने प्रार्थी को शासकीय छात्रावास अधीक्षक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 20 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

रायपुर, 29 जुलाई। तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रामबिहावन भारती 74 वर्ष आरंग का रहने वाला था। बताया जाता है कि रामबिहावन सड़क किनारे खड़ा था, तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 8270 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रामबिहावन को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हॉस्टल से लैपटॉप-मोबाइल पार

रायपुर, 29 जुलाई। पंडरी स्थित संध्या ब्वाय हास्टल से अज्ञात चोर ने 2 नग लेपटाप और 4 नग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवनाथ सिन्हा 25 वर्ष जनता क्वाटर सेक्टर 1 शंकरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि पंडरी स्थित संध्या रेसीडेंसी ब्वाय हास्टल से अज्ञात चोर ने 2 नग लेपटाप व 4 नग मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 98 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

राजस्व कर्मियों की हड़ताल से लोग परेशान

नामांतरण, बटांकन तथा ऋण पुस्तिका बनाने का काम प्रभावित

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। राज्य में राजस्व कर्मियों के हड़ताल पर जाने के कारण नामांतरण, बटांकन, भूमि-व्यपवर्तन सहित फौति उठाने का काम प्रभावित हो रहा है। राज्य सरकार के सामने राजस्व कर्मियों ने अपनी कई मांगे रखी है। इसमें प्रमुख मांग है समयबद्ध पदोन्नति दी जाए।

राजस्व कर्मचारी संघ से मिली जानकारी के अनुसार संघ के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, भू-अभिलेख अधीक्षक सहित अन्य कर्मचारी हड़ताल पर चले गए है। जिसके कारण आज भी तहसील कार्यालय में काम-काज नहीं हो पाया है। छत्तीसगढ़ में राजस्व कर्मचारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं, आज कर्मियों हड़ताल पर जाने के कारण नामांकन, बटांकन, भूमि व्यपवर्तन का काम नहीं हो पा रहा है। तहसील कार्यालय में इस समय लोक चक्कर काट रहे हैं। परिजनों की मौत के बाद नाम चढ़ाने का काम नहीं हो पाया है, जिसके कारण लोग काफी परेशान है। पटवारी संघ की मांग है कि वरिष्ठता के आधार भर्ती की जाए।

मानसून सत्र में यह मामला उठाया गया था, जिसकी जांच चल रही है। इस संबंध पटवारी संघ का कहना है कि वरिष्ठता सूची तैयार है। रिक्त पदों की विरुद्ध वरिष्ठता के आधार भर्ती ली जाए। सामान्यतः देखा जा रहा है कि पटवारियों के पदोन्नति नीं होती है वर्ष 2015-16में वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति नहीं दी गई, जो कि अत्यंत ही खेद जनक है। जबकि कई जिलों में राजस्व निरीक्षकों के अभाव के कारण पटवारियों को राजस्व निरीक्षक का प्रभार सौंपा गया है। कई वरिष्ठ पटवारी वर्तमान में राजस्व निरीक्षकों से अधिक वेतन प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे पटवारियों को अगर पदोन्नति किया जाता है तो शासन पर अलग से कोई वित्तीय भार भी नहीं पड़ेगा।

अंतिम सावन सोमवार को शिव मंदिरों में होगा भजन-कीर्तन

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई । प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को दलदल सिवनी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन शाम सात बजे आयोजित किया गया है इसके साथ ही गांव के श्रद्धालुओं द्वारा सुबह 5 बजे से भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक कर विधिविधान से पूजा की जाएगी। चार अगस्त को मंदिर के पुजारी नारायण शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। महाआरती का आयोजन दोपहर 12 बजे एवं शाम छह बजे आयोजित किया गया है। दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक प्रसादी (भंडारा) वितरण का आयोजन मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। पंडित शर्मा ने आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में यज्ञ आदि में शामिल होने की अपील की है।

वित्त विभाग ने अतिथि प्राध्यापकों को वेतन देने का जारी किया आदेश

रायपुर, 29 जुलाई। राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा उच्च शिक्षा संचालनालय के अंतर्गत कार्य करने वाले अतिथि प्राध्यापक, प्रयोग शाला सहायक को वर्ष 2025-26 के लिए वेतनमान देने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य के अंतर्गत करीब 400 से अधिक महाविद्यालयों में तीन हजार से अधिक अतिथि प्राध्यापक कार्यरत है, जिनके कार्यकाल मई में समाप्त हो जाता है, फिर से उन्हें काम पर लिया जाता है। इन अतिथि प्राध्यापकों को वेतनमान नहीं मिलने से वे परेशान थे। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा जगत के अनुसार राज्य में शैक्षणिक सत्र के अनुसार अतिथि प्राध्यापकों को रखा जाता है, उन्हें पर कलास के अनुसार पिसा दिया जाता है, लेकिन अलग-अलग महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र अलग-अलग माह में शुरू होते हैं। इसलिए अतिथि प्राध्यापकों का कार्यकाल 10 या 9 माह का होता है। जिसके हिसाब से उनका वेतनमान दिया जाता है। उन्होने बताया कि वेतनमान देने के लिए वित्त विभाग से अनुमति लेना होता है। यह अनुमति 24 जून 2025 को जारी कर दिया गया है। इसे संयुक्त संचालक एवं प्राध्यापकों को भेज दिया गया है।

सहायक प्राध्यापकों का कहना है कि हमें तीन महीने का वेतन नहीं मिला, जिसके कारण परेशानी हो रही है। इस समय कई महाविद्यालय अतिथि प्राध्यापकों के भरोसे चल रहे हैं। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा के अनुसार वर्ष 2025-26 के लिए वित्त विभाग ने अनुमति दे दी है। आए दिन प्रयोगशाला एवं तकनीकी सहायक संचालनालय के सामने धरना देते हैं, लेकिन वित्त विभाग की अनुमति नहीं मिलने के कारण वेतनमान नहीं मिल रहा था। इन प्राध्यापकों के लिए कोई भी विज्ञापन संचालनालय द्वारा नहीं किया जाता, बल्कि प्राचार्य महाविद्यालय विज्ञापन जारी करते हैं। आदेश के निकलने के पश्चात रिक्त पड़े अतिथि प्राध्यापकों के भर्ती के लिए विज्ञापन जारी हो जाएगा।

सीएम का दो दिवसीय दिल्ली दौरा

कैबिनेट विस्तार या संगठन में बदलाव की अटकलें

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज हो गई हैं। 30 जुलाई को सीएम विष्णुदेव साय का दिल्ली दौरा है। ऐसे में माना जा रहा है कि सरकार कैबिनेट विस्तार कर सकती है। राज्य में पिछले काफी समय से कैबिनट विस्तार अटका पड़ा है। सूत्रों का दावा है कि इस बार सीएम विष्णुदेव साय केवल कैबिनेट विस्तार की चर्चा को लेकर दिल्ली दौरे पर जा रहे हैं। सीएम साय दिल्ली में कैबिनेट विस्तार को लेकर इस बार गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे।

सीएम विष्णुदेव साय 30 जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली जा रहे हैं। इस दौरान सीएम साय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ सीएम इस दौरा अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ सीएम विष्णुदेव साय दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर छत्तीसगढ़ के सांसदों से मुलाकात कर सकते हैं।

सीएम साय दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में सभी सांसदों के साथ डिनर कर सकते हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ से बीजेपी के 10 लोकसभा सांसद हैं। बिलासपुर सांसद तोखन साहू मोदी सरकार में मंत्री हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि कैबिनेट विस्तार से पहले सीएम सांसद सांसदों से भी चर्चा करेंगे।

छत्तीसगढ़ सीएम के दिल्ली दौरे से छत्तीसगढ़ में कैबिनेट विस्तार को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। दो दिनों के प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ सीएम विष्णुदेव साय बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी के गठन और संगठनात्मक नियुक्तियों पर भी चर्चा कर सकते हैं।

इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है कि। दिल्ली दौरे पर सीएम साय छत्तीसगढ़ बीजेपी संगठन में बदलाव को लेकर चर्चा कर सकते हैं। इनमें बीजेपी नड्डा के साथ राज्य में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार,निगम-मंडलों और आयोगों में शेष पदों की नियुक्ति सहित प्रदेश संगठन में बदलाव को लेकर चर्चा अहम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली दौरे में पीएम मोदी से भी मुलाकात कर सकते हैं।

2.83 करोड़ की ठगी का कंबोडिया से लिंक मिला

रायपुर, 29 जुलाई। रायपुर में एक महिला के साथ 2.83 करोड़ की साइबर ठगी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. विधानसभा सफ़ायर ग्रीन कॉलोनी की रहने वाली सोनिया हंसपाल को डिजिटल अरेस्ट कर आरोपियों ने 2.83 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था. इन आरोपियों ने पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. आरोपियों ने बताया कि वह लोग कैसे लोगों को अपने जाल में फंसाते थे और फिर ठगी का पैसा कहां भेजते थे और कैसे वह ब्लैकमनी वैध बन जाता था.

पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि सोनिया हंसपाल को दिल्ली पुलिस के नाम से दुबई से वाट्सएप पर वीडियो कॉल आया था. आरोपियों ने 50 दिनों तक अलग-अलग नंबरों से कॉल किया. सोनिया से केरल, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, चंडीगढ़ और दिल्ली के अलग-अलग बैंक अकाउंट में पैसे जमा कराए गए. इसके बाद यह पूरा पैसा उत्तर प्रदेश के एक अकाउंट में जमा हुआ. रायपुर डीएसपी क्राइम संजय सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले का रहने वाला आनंद सिंह इस पूरे रैकेट को चला रहा था. उसने BA की पढ़ाई की है और हार्डवेयर दुकान के साथ पंजाब नेशनल बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाता है. इससे पहले वह एक सेंटर लोगों का पासपोर्ट और वीजा बनाने का काम करता था. इस दौरान वह ठगी करने वाले गिरोह के संपर्क में आया और बाद में खुद अपना गिरोह बना लिया.

आनंद सिंह ने अपना गिरोह बनाने के बाद 15 से ज्यादा लोगों को दुबई भेजा. उन लोगों को हर महने 40 हजार रुपए वेतन और रहने-खाने का खर्च देता था. पूछताछ में खुलासा हुआ कि आनंद के संपर्क कंबोडिया में रहने वाले कुछ लोगों से भी हैं.

वह साइबर ठगी करने के बाद पूरा पैसा कंबोडिया भेजता था और वहां से अलग-अलग कारोबार के नाम पर वापस पैसा भारत आता था. इसके अलावा आनंद की कई फेक कंपनियां भी हैं, जो विदेश में भी सेवा देती हैं.

रीपा योजना में गड़बड़ी 3 पंचायत सचिव निलंबित

रायपुर, 29 जुलाई। रीपा योजना का पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने शासन स्तर पर जांच की थी जिसके प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही की गई। जांच में विभिन्न स्तर पर गड़बड़ी एवं नियम प्रक्रिया का पालन नहीं करना पाया गया। जांच के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। रायपुर संभाग के 3 पंचायत सचिव पर निलंबन कार्यवाही की गई है। साथ ही तत्कालीन

सीईओ को कारण बताओ नोटिस

जनपद पंचायत सीईओ को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। संभागायुक्त कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महासमुंद जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत महासमुंद के ग्राम पंचायत बिरकोनी के सचिव शंकर साहू, बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत पलारी के गिरां के ग्राम पंचायत सचिव खिलेश्वर ध्रुव और जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लटूआ के सचिव टीकाराम निराला को निलंबित किया है। इन्हें भण्डार क्रय नियम का पालन न करने, बगैर तकनीकी परीक्षण किये मशीन क्रय करना एवं मशीन के देय का खण्ड खण्ड भुगतान के साथ कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने के कारण यह कार्यवाही की गई है।

राजधानी में रातभर हुई बारिश, कई जिलों में येलो अलर्ट

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में इन दिनों झमाझम बारिश हो रही है। राजधानी रायपुर में रातभर हुई बारिश ने मौसम सुहाना बना दिया है। प्रदेश के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है।

इसके बाद मानसून कमजोर पड़ सकता है। आज मंगलवार को कुछ इलाकों में हल्की मध्यम बारिश के आसार हैं। वहीं रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बलरामपुर, सरगुजा और सूरजपुर समेत 17 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, अब सिस्टम कमजोर पड़ गया है। आगामी तीन दिनों तक मध्य और उत्तरी भागों के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। इसके बाद बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। इसके बावजूद राजधानी रायपुर समेत कुछ इलाकों में सुबह से बारिश हो रही है।

मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि मानसून द्रोणिका औसत समुद्र तल पर गंगानगर से पन्ना, डाल्टनगंज, पुरुलिया होते हुए उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इस सिस्टम की वजह से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर बादल गरजने के साथ भारी वर्षा और बिजली गिरने की संभावना है। हालांकि झमाझम बारिश के लिए नया सिस्टम बनने का इंतजार करना पड़ेगा। इस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, रायगढ़, दुर्ग, बेमेतरा में मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है। इन क्षेत्रों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

गंदगी फैलाने पर 4 डेयरी संचालकों को कड़ी चेतावनी

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। नगर पालिक निगम रायपुर में प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए गए आदेशानुसार और अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री बारोन बंजारे, उमेश नामदेव, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7 के अंतर्गत दलदलसिवनी आवासीय क्षेत्र में संचालित डेयरी संचालकों द्वारा में नाली में गोबर बहाये जाने और गन्दगी फैलाये जाने की जनशिकायत स्थल पर सही पायी गयी और जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने दलदलसिवनी स्थित डेयरी संचालक संजय कुमार यादव पर 500 रूपये, जितेन्द्र यादव और विकास यादव पर 1-1 हजार रूपये और डेयरी संचालक गौरीशंकर यदु पर स्थल पर उन्हें भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए तत्काल 2000 रूपये इस प्रकार चार सम्बंधित डेयरी संचलकों पर कुल 4500 रूपये का ई जुर्माना किया। नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की ओर से जोन 9 जोन कमिश्नर ने सम्बंधित डेयरी संचालकों को नोटिस जारी कर निगम क्षेत्र आवासीय सीमा क्षेत्र से बाहर अपनी डेयरियों को शीघ्र स्वतः शिफ्ट कर लेने कहा है, अन्यथा की स्थिति में डेयरी के सभी मवेशियों को जप्त कर डेयरियों में सीलबंदी की कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी सम्बंधित डेयरी संचालकों को दी है। इसी प्रकार आज नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन अंतर्गत सुंदरी नगर मोवा में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सड़क किनारे मेडिकल वेस्ट फेंके जाने की जनशिकायत का वहाँ सफ ई करवाकर त्वरित निराकरण जोन के स्तर पर आयुक्त और अपर आयुक्त स्वास्थ्य के निर्देश पर जोन 9 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से किया।

बृजमोहन ने लिखा रेल मंत्री को पत्र

छग में फास्ट मेमू-डेमू ट्रेन सेवा की मांग

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के यात्रियों की सुविधा के लिए फास्ट मेमू/डेमू लोकल ट्रेन सेवा प्रारंभ करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य इस वर्ष अपनी स्थापना की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है। राज्य निर्माण के बाद और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रेल सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रेल मंत्री वैष्णव के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ का रेल बजट कई गुना बढ़ा है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में तीसरी व चौथी रेल लाइन का निर्माण, अमृत भारत योजना के तहत स्टेशनों का पुनर्विकास, और अन्य अधोसंरचनात्मक कार्य युद्ध स्तर पर हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश से गुजरने वाली मेल, एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, राजधानी, वंदे भारत, हमसफर व दुरंतो जैसी ट्रेनों से छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी मजबूत हुई है, जिसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को जाता है।

हालांकि, सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस तथ्य पर चिंता जताई कि छत्तीसगढ़ प्रांत में अब तक एक भी फास्ट मेमू/डेमू लोकल ट्रेन की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे आम यात्रियों को सुविधा मिल सके।

इसीलिए उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए रजत जयंती वर्ष के अवसर पर रायपुर से रायगढ़ (243 किमी) और बिलासपुर से डोंगरगढ़ (209 किमी) पर फास्ट मेमू/डेमू लोकल ट्रेन सेवा प्रारंभ करने का अनुरोध किया है। अग्रवाल ने विश्वास जताया कि रेल मंत्री इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेंगे और शीघ्र ही इन रूटों पर लोकल ट्रेन सेवाएं प्रारंभ होंगी, जिससे प्रदेश के यात्रियों को सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी।

सहायक प्राध्यापक के 2169 पद खाली, शासन नहीं कर रहा नियुक्ति : होरीलाल साहू

रायपुर, 29 जुलाई। सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा सन 2018-19 में 2017-2018 के रिक्त पदों की गणना के अनुसार प्रायोजित की गई थी। इसके उपरांत कोरोना के चलते भर्ती प्रभावित हुई। पिछले छह सालों में नई रिक्तियां नहीं हुई है जबकि पूर्व में की गई परीक्षा 2019 में सहायक भर्ती परीक्षा में हुई घोटाले की सीबीआई जांच चल रही है। छग में सहायक प्राध्यापक के प्रदेश में 2169 पद खाली है। इसके बावजूद भी अब तक नियुक्ति नहीं होने से छग में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता एवं नवाचार का मामला सहित अन्य गतिविधियां प्रभावित हो रही है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में सहायक प्राध्यापक प्रतियोगी संघर्ष संघ नेट सेट पीएचडी धारी अभ्यर्थियों के प्रांताध्यक्ष होरीलाल साहू ने दी। साहू ने पत्रकारवार्ता में बताया कि रिक्तियां नहीं होने की वजह से कई अभ्यर्थियों की आयु सीमा निर्धारित 40 वर्ष से पार हो गई है अतएव संघ की मांग है कि उक्त रिक्तियों में एक बार सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा 2024-25 में आयु सीमा 50 वर्ष की जाए। उक्त मांग पूरी नहीं होने पर संघ रणनीति बनाकर उग्र आंदोलन करेगा।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26